## आईएएस बनना चाहता है बिट्टू, सीबीएसई 12वीं में 98.2 प्रतिशत अंक लाकर आइलेक्स पब्लिक स्कूल का बढ़ाया मान

### शिक्षक- शिक्षिकाओं को दिया अपनी उपलब्धि का श्रेय




**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,बरही।** सीबीएसई ने 12वीं की परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा कर दी है। वहीं इस घोषणा के बाद आईलेक्स पब्लिक स्कूल के छात्र सह निदेशक शैलेश कुमार व मैनेजर सुषमा भारती के पुत्र बिट्टू कुमार ने परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक लाकर आइलेक्स पब्लिक स्कूल का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर निदेशक सह उनके पिता शैलेश कुमार, माता सुषमा भारती एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि आईलेक्स पब्लिक स्कूल परिवार के लिए बड़े ही गर्व का विषय है। उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा कि आगे भी बिट्टू इसी तरह कड़ी मेहनत कर खूब तरक्की करे और देश की सेवा करें। इस संबंध में छात्र बिट्टू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह परीक्षा के परिणाम से बहुत खुश हैं और उनका सपना आईएएस बन कर देश की सेवा करने का है। सीबीएसई 12वीं परीक्षा की तैयारी को लेकर बिट्टू कुमार ने बताया कि वह रोजाना 7 से 8 घंटे निरंतर पढ़ाई करते थे और उन्होंने अपना अधिकतम समय नियमित रूप से प्रैक्टिस सेशन और मॉक टेस्ट्स से अभ्यास किया था ताकि वह परीक्षा के दौरान स्पष्टता के साथ उत्तर लिख सके। वहीं सलाह दिया कि विद्यार्थियों को प्राथमिकता पढ़ाई को देनी होगी तभी वह निर्धारित समय में प्रत्येक विषयों का अध्ययन कर बेहतर अंक प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अपने पिता एवं मार्गदर्शक शैलेश कुमार, माता सुषमा भारती, दादा जयगोविंद प्रसाद, शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। बताते चलें कि शैलेश कुमार के पिता भी शिक्षक है, उनके पिता जयगोविंद प्रसाद करियातपुर में हाई स्कूल चलाते है और पिछले कई वर्षों से शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रहे हैं।

## सूचना का अधिकार अधिनियम को जन सूचना अधिकारी दिखा रहे ठेंगा

### मांगी गई सूचना उपलब्ध करवाने में असमर्थ हैं जन सूचना पदाधिकारी



**प्रतिनिधि,साहिबगंज।** हर वर्ष राजमहल में माघी पूर्णिमा के अवसर पर मेला का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी राजमहल में आयोजित की गई राजकीय माधी पूर्णिमा मेला से संबंधित आय एवम व्यय को लेकर राजमहल व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता संत कुमार घोष ने ÷सूचना का अधिकार अधिनियमङ्क2005÷ के तहत जन सूचना अधिकारी से सात बिन्दुओं पर जवाब मांगा था।

जन सूचना अधिकारी को पत्र लिखकर उन्होंने पूछा था कि राजमहल में लगने वाले राजकीय माधी पूर्णिमा मेला में राज्य सरकार द्वारा किस मद में तथा किस विभाग को कितनी राशि आवंटित की गई थी और किस विभाग द्वारा कितना राशि खर्च किया गया। इसी से संबंधित सात बिन्दुओं पर समाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता संत कुमार घोष ने दिनांक 9 मार्च 2024 को राजमहल, जन सूचना अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी से सूचना मांगी थी।

मांगी गई सूचना की समयावधि समाप्त हो जाने के बाद भी सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई तो संत कुमार घोष ने 15 अपैल 2024 को प्रथम अपीलीय प्राधिकारी सह साहिबगंज उपायुक्त से अपील किया कि मांगी गई सारी सूचना उपलब्ध कराई जाए तथा अधिनियम के उल्लंघन के लिए राजमहल जन सूचना अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी पर अधिनियम के प्रवधान के अनुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही पत्र के माध्यम से उन्होंने पूछा है की अगर इस संबंध में जन सूचना अधिकारी पर किसी भी प्रकार की विभागीय कार्रवाई की गई है तो इस आदेश की एक प्रति उपलब्ध कराई जाए।

## मनरेगा लोकपाल ने किया सरकारी योजनाओं का निरीक्षण



**प्रतिनिधि,जामा।** प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा लोकपाल कल्पना झा के द्वारा आसनजोर एवं सरसाबाद पंचायत के पुसाबहियार गांव एवं मदनपुर गांव पहुंच कर आंगनबाड़ी केंद्र एवं सरकारी योजना का निरीक्षण बुधवार को किया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं का अभिलेख भी जांच कर जल्द से जल्द योजना पूर्ण एवं प्राक्कलन के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। इस मौके पर मनरेगा बीपीओ गीता टुडू, रोजगार सेवक शिवचरण सोरेन, रूपेश रंजन, स्टेनशीला आदि मौजूद थे।

## एनएसयूआई ने किया छात्र पंचायत का आयोजन

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** झारखंड एनएसयूआई नेत्री आरुषी वंदना एवं जिला महासचिव अबदूल रबनावाज के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ छात्र पंचायत का आयोजन किया गया।




मुख्य अतिथि के रूप में एन.एस.यू.आई के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा एवं प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू मौजूद थे। कुमार राजा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में सरकार आते ही अग्निपथ योजना को निरस्त करेंगे और सभी खाली पड़े पदों को भरेंगे। युवाओं के लिए 30 लाख पद भरने का काम करेंगे। आरुषी वंदना ने कहा कि संवाद से ही समाधान है। छात्र पंचायत के माध्यम से छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर रही हैं, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में पूरे देश के छात्र व नौजवान परेशान हैं, बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन मोदी सरकार के पास अपने उद्योगपति मित्रों को खुश करने के अलावा कोई दूसरी योजना नहीं है। पांचों न्याय के बारे में सभी विद्यार्थियों को समझाया गया। अबदूल रबनावाज ने कहा कि जब नौजवान का उज्जवल भविष्य है तो देश का उज्जवल भविष्य है÷ यह कार्यक्रम देश के युवाओं को आवाज देने की मुहीम है। धन्यवाद ज्ञापन डोरंडा कॉलेज के छात्र नेता विश्वजीत सिंह ने किया। इस दौरान इंडिया गठबंधन से रोजगार नई शिक्षा नीति सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा की गयी। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को जिताने एवं सरकार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रांची लोकसभा प्रभारी इंदरजीत सिंह, कुमार राजा,बिनय सिन्हा दीपू, मोहमद फिरोज, संजय टाइगर, संजय तिरकी,आरुषी वंदना,पूजा पी एस, राखी कौर,अबदूल राबनावाज,, विश्वजीत सिंह,अमन नाज, मुन्ना ,कैफ ,अफताब, साहिल कुमार, रोहित पन्ना, प्रीतम कुमार ,खुशी शर्मा, कंचन टूटी, प्रिटी, पूजा, रोहित, विक्रम सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# झारखंड में घुसपैठिए प्रवेश कर रहे : डॉ हिमंता बिश्व शर्मा

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जमानत होगी जब्त : दीपक प्रकाश

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो



**हज़ारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में रामगढ़ जिला के रजरप्पा में बुधवार को एक जनसभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंता बिश्व शर्मा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश,हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, रामगढ़ के विधायक सुनीता चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। भीषण और चिलचिलाती गर्मी के बीच रजरप्पा मैदान में आयोजित विशाल आम सभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंता बिश्व शर्मा ने कहा कि मैं मां कामाख्या की धरती से आया हूं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के धरती मां छिन्नमस्तिका को प्रणाम करता हूं। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए आप सभी को कहना चाहता हूं कि देश में चार चरण का चुनाव अभी तक संपन्न हो चुका है और किसी के मन में कोई संदेह नहीं है कि है आपकी बार भाजपा 400 पार सीट जीत रही है। उन्होंने कहा कि जनता का रुझान स्पष्ट संकेत दे रहा है कि इस बार 400 से एक भी सीट काम नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा का एक ही बात बोल रहें हैं की किसी तरह 400 पार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा की राम मंदिर निर्माण के बाद हिंदुओं के बीच प्रबल उत्साह है। हिमंता विश्व शर्मा ने कहा की जब भाजपा ने 300 सीट पर किया तो कश्मीर से धारा 370 हटा, बाबरी मस्जिद की ढांचा की जगह राम मंदिर का निर्माण हुआ और इस बार 400 पार सीटों आया तो पीओके भी भारत में विलीन हो जायेगा। कृष्ण लला आएंगे और ज्ञानवापी में भी मंदिर बनेगा। उन्होंने कहा की देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड बेहद जरूरी है। पीएम मोदी ने 300 सीट जीतकर तो सिर्फ ट्रेलर दिखाया है 400 सीट आने के बाद पूरी फिल्म दिखाएंगे। हेमंता विश्व शर्मा ने झारखंड की मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे असम और झारखंड की जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति एक है लेकिन झारखंड खनिज संपदा से भरपूर और समृद्ध है। बावजूद इसके झारखंड में जिस प्रकार घुसपैठिए प्रवेश कर रहे हैंद्य उसे झारखंड की डेमोग्राफी प्रभावित हो रही है और स्थानीय झारखंडी में इसका दुष्प्रभाव हो रहा है। कांग्रेस और झामुमो की सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार के लिए देश दुनिया में विख्यात कर दिया है। कांग्रेस और झामुमो की गठबंधन की सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करती है। उन्होंने कहा की पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने आरक्षण के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं किया।बल्कि दलित और आदिवासी समाज से आने वाले को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर विराजमान कर सम्मान देने का काम किया है। जबकि गैर भाजपा शासित प्रदेश कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में ओबीसी का आरक्षण काटकर मुस्लिम समुदाय को आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए,मथुरा और काशी में अधूरे सपने को पूरा करने के लिए, पीओके के वापसी के लिए,भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए,भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने के लिए एनडीए गठबंधन को 400 पार सीटों से जिताएं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से मनीष जायसवाल को प्रचंड बहुमत से सांसद चुने।

मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की देश में रामराज्य चाहिए या जिहाद राज्य अब यह तय करने का समय आ गया है। हमारे कल्चर, हेरिटेज, सांस्कृतिक धरोहर को बचाना होगा। उन्होंने कहा की विकास के मामले अगर आप देखें तो कांग्रेस के 60 सालों में कोई विकास नहीं हुआ है। गरीबों की चिंता किसी ने की तो मोदी सरकार ने किया। पीएम मोदी का सपना है आगामी 2047 तक 2047 तक संपूर्ण भारत विकसित राष्ट्र बने और यहां के निवासी हर जरूरी सुविधा का लाभ ले सकें लेकिन यह सपना तभी पूरा हो सकता है। तो आपका वोट देश के विकास में सीधा-सीधा नरेंद्र मोदी को जाएगा। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए और अपने बच्चे और देश की भविष्य को सुरक्षित बनाएं ।राज्यसभा सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा की यह लोकसभा चुनाव एक धर्मयुद्ध है। जो कोरव और पांडव के युद्ध के रूप में चल रहा है। जिसमें पांडव के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी धर्मयुद्ध में कमान थामे हैं तो दूसरी तरफ कोरव की सेना के रूप में कांग्रेस पार्टी की महागठबंधन खड़ी है उसका सत्यानाश झारखंड सहित पूरे देश में होने तय है। यह कांग्रेस के लिए अंतिम चुनाव है। हजारीबाग में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के आगे कोई टिकने वाला नहीं है। यहां तो कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिला तो हमारे एक साथी को फोड़कर कांग्रेसी चुनाव लड़वा रहें हैं लेकिन जमानत जब्त होने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा की 20 मई को मोदी जी के हाथों को मजबूत करें।

जनसभा को संबोधित करते हुए रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है। हम सभी को मिलकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जीत दिलानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता मिलकर प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जीताने का काम करेंगे। वहीं रजरप्पा मैदान में आयोजित आमसभा की अध्यक्षता रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता और संचालन रणजीत पांडेय ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों को बुके प्रदान कर और अंग- वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने असम के मुख्यमंत्री श्री विश्व शर्मा को मार्च की का मंदिर की तस्वीर और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्मृति स्वरूप भेंट किया।

जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता शशि भूषण भगत अनिल महतो टाइगर, प्रो के पी शर्मा, प्रदीप प्रसाद, विजय साहू, शिवलाल महतो, कुंटू बाबू, सुधा चौधरी, चंद्रशेखर चौधरी,अमरेंद्र कुमार गुप्ता,प्रो संजय सिंह,सरदार अनमोल सिंह,सूर्यवंश श्रीवास्तव, दिनेश साहू,दिलीप दांगी,करण जायसवाल, रंजन चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहें।

## राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित




### डीईओ ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर किया सम्मानित

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल द्वारा माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 2024 में स्कूल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं का सम्मान समारोह राईन स्कूल भवन के सभागार में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) विनय कुमार सिंह ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीईओ ने छात्रों के मेहनत एवं लगन की सराहना करते हुए आगे भी ऐसी प्रतिभा को प्रदर्शित कर क्षेत्र और राज्य का मान बढ़ाने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों की भी छात्रों की सफलता के लिए सराहना किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में राईन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए मेहनत एवं लग्न के साथ परीक्षा में अपना परचम लहराया है। डीईओ ने जैक इंटरमिडियेट में गुलफशा परवीन, हेना परवीन, अरिबा परवीन और मेट्रिक बोर्ड में मुसर्रत परवीन, आयशा सज्जाद, मंतशा परवीन को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल फरहीन नाज़ और स्कूल के सचिव हाजी हसनैन, हाजी जावेद ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्चों को सम्मान से ऊर्जा मिलती है। जीवन सफर में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, जो बच्चे ईमानदारी से मेहनत करते हैं, वे हमेशा सफल होते हैं। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे सचमुच प्रशंसा के पात्र हैं। स्कूल के द्वारा सभी शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल फरहीन नाज़, शिक्षक रिजवाना खातून, सुषमा फेरदिना ,फरहा शमीम, रोकैया तबस्सुम, सायमा अर्शी, सारिया फिरदौस, हुमा परवीन, कनीज फातिमा, शादाब परवीन, निकहत परवीन, शगुफ्ता शाहीन, नुसरत परवीन समेत स्कूल परिवार के लोग उपस्थित थे।

## डिशटीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज का शुभारंभ

### किसी भी स्क्रीन पर देखें टीवी और ओटीटी

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता




**रांची।** डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव %डिश टीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है।

सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं।

डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष (टॉप) टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा।

नए प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ, मनोज डोभाल ने कहा, %%अपनी स्थापना के बाद से, डिश टीवी ने मनोरंजन उपभोग परिदृश्य को बदल दिया है, लोगों को अपने पसंदीदा कॉन्टेंट का आनंद लेने के लिए कई नई चीजों को पेश किया गया। इस नए प्रस्ताव के साथ, हम व्यापक और सुलभ मनोरंजन अनुभवों के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए और भी बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार हैं।

मनोज डोभाल ने आगे कहा, ÷डिश टीवी में, ग्राहक संतुष्टि पर समझौता नहीं किया जा सकता है और हर निर्णय मूल्य और सुविधा प्रदान करने के आसपास केंद्रित होता है। डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज न केवल हमारे ग्राहकों को मनोरंजन की अद्वितीय पहुंच प्रदान करके लाभान्वित करती हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हैं कि उनकी प्राथमिकताएं और संतुष्टि हमारे प्रयासों में सबसे आगे रहें। डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज के साथ, हम अपने आदर्श वाक्य - नए भारत का स्मार्ट कनेक्शनपर कायम रहते हुए, एक आधुनिक भारतीय परिवार की सभी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।

हमारे मल्टी-चैनल मार्केटिंग दृष्टिकोण से हम उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने, व्यापक जागरूकता फैलाने और इसे अपनाने को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, हम रुझानों से आगे रहने को प्राथमिकता देते हैं और ग्राहकों की बढ़ती प्राथमिकताओं को अपनाना हमारी रणनीति के केंद्र में है और हम उनकी विविध प्राथमिकताओं और जीवनशैली को पूरा करने वाले अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान को करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एक्सिअम एकेडमी का 10वीं व 12वीं में शानदार परिणाम

**संवाददाता,बरियातू।** आदिल कंपलेक्स स्थित एक्सिअम एकेडमी का सीबीएसई 10वीं व 12वीं में शानदार रिजल्ट रहा। संस्थान के निदेशक नजमुल होदा ने कहा हमारे यहां से दसवीं में 42 व 12वीं में 44 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था, सभी छात्र 90 प्रतिशत से ज्यादा मार्क्स लाकर उत्तीर्ण हुए। दसवीं में सोफिया सरवर 97 प्रतिशत व 12वीं में जरीन प्रवीन, 82 प्रतिशत लाकर संस्थान की टॉपर बनी। इसके अलावा साहिर अजलान, 90 प्रतिशत, अनिकेत कुमार 85प्रतिशत, सुरभि कुमारी 84 प्रतिशत, लाकर बेहतर प्रदर्शन किए, उन्होंने बताया कि संस्थान पिछले 10 वर्षों से बरियातू क्षेत्र में शानदार रिजल्ट दिया है, साथ ही साथ नीट, आईआईटी जेईई, प्री मेडिकल की तैयारी करवा रही है, संस्थान बेहतर प्रदर्शन रहा है। संस्थान के शिक्षक, मो साजिद, मो तैयब , आइसा अनवर ने सभी बच्चों को शुभकामना दिए और उज्ज्वल भविष्य का कामना की।



# हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का आठवां स्थापना दिवस समारोह 19 मई को

- खाटू नरेश का होगा भव्य श्रृंगार
- प्रख्यात भजन गायक बहाएंगे भजनों की गंगा
- तैयारी में जुटे श्याम भक्त

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता





**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का अष्टम स्थापना दिवस समारोह वैशाख माह की मोहिनी एकादशी रविवार 19 मई को धूमधाम से विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा । मुख्य समारोह रात्रि 9÷30 बजे प्रारंभ होंगे। खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का भव्य मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा । सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, अपनी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी के साथ पूजन करके खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे।

नारसरिया ने बताया की विभिन्न प्रकार के मिष्ठान फल पंचमेवा रबड़ी दूध नारियल मगही पान भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया जाएगा । कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक शर्मा अपने सहयोगियों के साथ मधुर भजनों का गायन करेंगे। वे कोलकाता से रविवार को रांची पहुंचेंगे।

भजनों का शुरुआत श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पंकज गाड़ोदिया,साकेत ढानढनिया, सलज अग्रवाल करेंगे। विभिन्न कार्यो के लिए मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उपमंत्री अनिल नारनौली, पंडित रत्नाकर शर्मा, पंडित, अनूप दाधीच, रोशन खेमका, किशन शर्मा, अभिषेक सरावगी, संजय सराफ, निखिल नारनौली, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान को दायित्व दिया गया है। स्थापना दिवस की तैयारी जोर शोर से की जा रही है । ज्ञातव्य है कि हरमू रोड की श्री श्याम मंदिर की स्थापना का उद्घाटन वैशाख मास की मोहिनी एकादशी संवत 2074 को खाटू के श्री श्याम मंदिर के अध्यक्ष महंत मोहनदास जी महाराज के पावन सानिध्य में गोवर्धन पीठ पुरी के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद जी महाराज के घर कमल द्वारा हुआ था।

**101 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ :** ÷जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर÷ के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 101 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 101 वां कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी, आशा मोदी, बलराम मोदी, शिखा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार फल सेवा राजेश जयसवाल ने निवेदित की। सुनिल मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया ।

पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई । सभी भक्तजनों को केसरिया पेड़ा,चना, गुड़ फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार सहित अन्य उपस्थित थे।

### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

18 मई शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 112 वां श्री श्याम भंडारा सायं 5 बजे से होगा।

उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# प्रिंस पाइप्स ने नकली पाइपों की बिक्री रोकने के लिए की छापेमारी

## काफी मात्रा में नकली पाइप बरामद, थाने में मामला दर्ज

**मुजफ्फरपुर (बिहार)।** भारत में इंटीग्रेटेड पाइपिंग सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली कंपनी प्रिंस पाइप्स एंड फिटिंग्स लिमिटेड (पीपीएफएल) ने प्रिंस ब्रांड के नकली एसडब्ल्यूआर पाइप बरामद करने के लिए छापेमारी की। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के पुलिस थाने में इस मामले की शिकायत दर्ज करायी गयी है।दुकानों से नकली एसडब्ल्यूआर पाइप जब्त किये गये, जिन्हें सील कर दिया गया है। माँ कात्यानी इंडस्ट्रीज के नागेंद्र चौधरी और सुबोध चौधरी इस मामले के आरोपियों में शामिल हैं। एसएचओ रंजना वर्मा ने छापेमारी की अगुवाई की। इस इलाके के विभिन्न जगहों पर नक़ली सामानों की बिक्री की पुष्टि के बाद कंपनी की टीम ने आईपीसी की धारा 420 और ट्रेडमार्क अधिनियम 103/104 के तहत कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस से संपर्क किया।

निहार छेड़ा, वीपी स्ट्रैटेजी, प्रिंस पाइप्स एंड फिटिंग्स लिमिटेड, ने कहा, हमारी टीम प्रिंस पाइप्स के नकली प्रोडक्ट्स बनाकर ग्राहकों को धोखा देने वालों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के लिए व्यवस्थित तरीके से छापेमारी कर रही है। हम ग्राहकों को धोखा देने वाले ऐसे निर्माताओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करना जारी रखेंगे। हम वर्तमान में जारी कानूनी कार्रवाई के माध्यम से प्रिंस ब्रांड की सच्चाई और भरोसे को बनाए रखने के संकल्प पर कायम हैं।

# बरही बीसीओ संजय यादव महिला मतदाताओं को कर रहे है जागरूक

## हर मतदाता अपने संवैधानिक अधिकार के तहत कर सकता है मतदान - संजय यादव



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, बरही।** बरही प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव मतदाताओं को लगतार जागरूक करते हुए नजर आ रहे है। चाहे उनके कार्यालय की बात कर ले या फिर भ्रमण के दौरान भी वह लोगों को जागरूक कर रहे है। बुधवार को अपने कार्यालय में बीसीओ संजय यादव महिला मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि भारत के हर नागरिक को मतदान का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करते हुए मतदाता अपने अनुरूप एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन वह मतदान करके कर सकता है। श्री यादव बता रहे है कि भारतीय संविधान के अनुसार, मतदान समिति के अंतर्गत पंजीकृत 18 वर्ष की आयु से अधिक का देश का कोई भी नागरिक मतदान के योग्य होता है। प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीय, राज्यकीय, जिला एवं अपने क्षेत्र के स्थानीय चुनाव में मतदान कर सकता है। जब तक कोई व्यक्ति अयोग्यता के नियमों की सीमा पार नहीं कर लेता उसे मतदान करने से नहीं रोका जा सकता है। प्रत्येक नागरिक को एक ही मत डालने का अधिकार है और मतदाता अपने पंजीकृत क्षेत्र में ही मतदान कर सकता है। इतना ही नही उन्होंने बताया कि सभी मतदाताओं को चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की जानकारी का पूरा अधिकार है। भारतीय संविधान में धारा 19 के अंतर्गत नागरिकों को ये अधिकार दिया गया है। इस अधिकार के द्वारा कोई भी व्यक्ति प्रत्याशियों के चुनाव घोषणा पत्र की जानकारी, उनका वित्तीय लेखा-जोखा और आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में जान सकता है।

# गांडेय विधानसभा उप चुनाव में सीपीआई ने की झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन को समर्थन देने की घोषणा



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता , रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने बयान जारी कर कहा कि गांडेय विधानसभा उप चुनाव में झामुमो प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को समर्थन की घोषणा करती है। उन्होंने कहा कि सीपीआई जनता से अपील करती है कि उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। राज्य सचिव श्री पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड में हजारीबाग, चतरा ,एवं दुमका, लोकसभा से चुनाव लड़ रही है। इन तीन लोकसभा सीटों के बाद जिन सीटों पर सीपीआई के प्रत्याशी नही है, उन सीटों पर राष्ट्रीय परिषद के फैसले के अनुसार भाजपा को हराने वाले दल और उम्मीदवारों को पार्टी अपना समर्थन करेगी। सीपीआई के एक एक कार्यकर्ता भाजपा हराएं अभियान में जुट जाएं एवं भाजपा को झारखंड में हराने में सशक्त भूमिका निभाएं । ताकि सविधान एवं लोक तांत्रिक मूल्यों की रक्षा की जा सके। उक्त जानकारी अजय सिंह ने दी।

# गिरिडीह में पोस्टल बैलेट के तहत 3561 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

## मतदान कार्य में लगे कर्मी, पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस-सुरक्षा जवानों ने किया मतदान

**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में इस बार सभी वर्गों को केंद्रित रखकर हर मतदाता को जोड़ने की संपूर्ण प्रक्रिया की प्रसंशा की जा रही है। जिसमें एसेंशियल सेवा, मतदान कार्य में लगे कर्मी, पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व पुलिसङ्कसुरक्षा जवानों ने मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के उपरांत उत्साहित मतदाताओं ने एक सुर में समाज के हर एक तबके के वोटर को 20 मई मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील भी की,ताकि सशक्त लोकतंत्र की नींव रखी जा सके। गिरिडीह जिले में पोस्टल बैलेट के तहत कुल 3561 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसके तहत 10-सिंहभूम से अबतक कुल 48, 11-खूंटी से अबतक कुल 50, 12-लोहरदग्गा से अबतक कुल 135, 13-पलामू से अबतक कुल 108, 04-चतरा से अबतक कुल 89, 05-कोडरमा से अबतक कुल 2842, 14-हजारीबाग से अबतक कुल 203, 06-गिरिडीह से अबतक कुल 81 तथा 07-धनबाद से अबतक कुल 05 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस लोकसभा निर्वाचन 2024 में कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहे (नो वोटर्स टू बी लेफ्ट बिहाइंड)। कई मतदाता आवश्यक सेवाओं में रहते हुए मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते है वें अब इस प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

# एफजेसीसीआई की रियल एस्टेट उप समिति करेगी जून माह में हैदराबाद का भ्रमण

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रियल एस्टेट एंड अर्बन डेवलपमेंट तथा बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन उप समिति की संयुक्त बैठक बुधवार को चैंबर भवन में उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर, आलोक सरावगी और रोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामियों के कारण नक्शा पास करने में होनेवाली कठिनाई पर चर्चा हुई। मास्टर प्लान में सुधार के लिए दिये गये आवेदनों पर कार्रवाई नहीं होने पर भी सदस्यों द्वारा चिंता जताई गई। सहमति बनाई गई कि जल्द ही चैंबर द्वारा नगर प्रशासक से मिलकर, इसपर कार्रवाई का आग्रह किया जायेगा।

वर्तमान में केवल एक वर्ष के लिए बिल्डर रजिस्ट्रेशन मिलने की प्रक्रिया पर असंतोष जताते हुए कहा गया कि बिल्डर रजिस्ट्रेशन तीन वर्ष का मिलना चाहिए। उप समिति द्वारा इस मामले में नगर विकास विभाग के सचिव को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। एक ही बिल्डर रजिस्ट्रेशन से प्रदेश के सभी निकायों में काम करने की अनुमति मिलनी चाहिए। अलग-अलग जगहों के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन लेने से अनावश्यक कठिनाईयां होती हैं।

बालू की कमी के कारण हो रही समस्या पर सदस्यों ने चर्चा की। कहा गया कि बालू की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण रियल एस्टेट सेक्टर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर ने कहा कि बालू की कमी के कारण एक तरफ जहां संवेदक, डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं मजदूरों का भी पलायन हो रहा है। सरकार को इसकी त्वरित समीक्षा करनी चाहिए। सर्किल रेट की दरों में प्रत्येक दो वर्ष में होनेवाली बढोत्तरी पर भी सदस्यों द्वारा चिंता जताई गई और कहा गया कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए।

चर्चा के क्रम में जून के प्रथम सप्ताह में उप समिति के सदस्यों द्वारा नॉलेज टूर का आयोजन करने की सहमति बनाई गई। यह निर्णय लिया गया कि पहला टूर हैदराबाद में किया जायेगा। उप समिति चेयरमेन आलोक सरावगी ने कहा कि नॉलेज टूर के माध्यम से हमारी टीम हैदराबाद में किये गये अथवा होनेवाले निर्माण कार्यों, प्रोजेक्ट्स, इंफ्रास्ट्रक्चर को देखेगी। यह टूर नियमित रूप से किया जायेगा। हम प्रयास करेंगे कि इस टूर का लाभ झारखंड को मिले।

बैठक में उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर, आलोक सरावगी, रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, सदस्य मुकेश पांडे, अमित अग्रवाल और विकास मोदी उपस्थित थे।




# राजमहल पहाड़ मामले में एनजीटी का आया आदेश



## कई पत्थर कारोबारी ने जमा किया पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजा

**प्रतिनिधि,साहिबगंज।** जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा ऐतिहासिक राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन को लेकर वर्ष 2017 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-23/2017 की बीते सोमवार को पीठ के जुडिशियल मेंबर न्यायमुर्ति बी.अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा.अरूण कुमार वर्मा ने सुनवाई की थी। सुनवाई के पश्चात पीठ ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में बुधवार को आदेश आया है। आदेश में झारखंड राज्य प्रदुषण बोर्ड के अधिवक्ता कुमार अनुराग सिंह ने एनजीटी को बताया कि एनजीटी में बोर्ड द्वारा 11 मार्च को दाखिल हलफनामा के आलोक में 203 पत्थर कारोबारियों के ख़िलाफ़ लगाए गए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजा में से 06 पत्थर कारोबारियों ने 01,36,91,407.00 यानी एक करोड़ छत्तीस लाख निन्यानवे हज़ार चार सौ सात रूपये जमा कर दिया है तथा 08 पत्थर कारोबारियों ने भी 01,22,96,874.00 ? यानी एक करोड़ बाइस लाख छियानवे हज़ार आठ सौ चौहत्तर रूपये जमा कर दिया है। इसी प्रकार 72 पत्थर कारोबारियों के पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजा को संशोधित करते हुए 07,58,31,718.00 यानी सात करोड़ अठाइस लाख इकतीस हज़ार सात सौ अठारह रूपये जमा करने के लिए पत्र निर्गत किया गया है। इसके अलावा 33 पत्थर कारोबारियों द्वारा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजा में संशोधित करने के लिए आवेदन को रद्द करते हुए 25,64,49,218.00 ? यानी पच्चीस करोड़ चौसठ लाख उनचास हज़ार दो सौ अठारह रूपये जमा करने के लिए बोर्ड द्वारा पत्र निर्गत कर पंद्रह दिनों के भीतर उक्त राशि को जमा करने को कहा गया है।

झारखंड प्रदुषण बोर्ड द्वारा जिलें के 203 पत्थर कारोबारियों पर करीब एक अरब के लगाए गए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजे के नए हलफनामा के माध्यम से फ्रेश जानकारी देने के लिए एनजीटी से आठ सप्ताह का समय देने का आग्रह किया, जिसे एनजीटी ने स्वीकार करते हुए बोर्ड को आठ सप्ताह का अतिरिक्त समय देते हुए इस मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को निर्धारित की है। अब सभी की नजरें अगली सुनवाई तिथि पर टिक गयी है।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**प्रतिनिधि,दुमका।** 02-दुमका(अ.ज.जा) लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एस.नटराजन ने बुधवार को ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।जिला निर्वाची पदाधिकारी ने उन्हें वेयरहाउस में रखे ईवीएम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभावार यथा 07 शिकारीपाड़ा,10 दुमका,11 जामा,12 जरमुंडी के ईवीएम तथा वीवी पैट का पहला रैंडमाइजेशन किया जा चुका है।प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत 07 शिकारीपाड़ा,10 दुमका,11 जामा,12 जरमुंडी के कुल 1117 मतदान केंद्रों के लिए बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट तथा वीवी पैट का चिन्हितिकरण किया गया है। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी के माध्यम से पूरे वेयरहाउस का अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।



# नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर बहाली के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होगी - जनसंपर्क पदाधिकारी

**प्रतिनिधि, दुमका।** एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के जनसंपर्क पदाधिकारी प्रो.दीपक कुमार दास ने बताया कि सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका चल रही नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर बहाली में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अगले सप्ताह में शुरू होने की सम्भावन है। ज्ञात हो विश्वविद्यालय ने कुल 273 नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए 5 मार्च 2024 को एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के तहत 6 से 20 मार्च 2024 तक ऑनलाइन आवेदन चांसलर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। निर्धारित अंतिम तिथि तक विभिन्न विषयों में कुल 2977 अभियार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। सभी आवेदनों की प्रारंभिक जाँच विश्वविद्यालय स्तर पर गठित कमिटी द्वारा कर लिया गया है। कुछ दिन पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा सभी आवेदकों का एकेडमिक स्कोर निर्धारित कर विश्वविद्यालय का वेबसाइट पर आपति के लिए अपलोड किया गया था। आपत्ति करने की तिथि भी अब संपन्न हो चुका है। अब विश्वविद्यालय झारखण्ड सरकार के उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग, राँची द्वारा अधिसूचित यूजीसी नियमावली 2018 के आनुसार कुल रिक्तियों का 5 गुना आवेदकों को शोर्टलिस्ट करेगी और उन सभी को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए विश्वविद्यालय बुलाया जायेगा। तत्पश्चात डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में उपस्तिथ आवेदकों में से तीन गुना आवेदकों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जायेगा। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अगले सप्ताह में शुरू होने की संभाना है। बहुत जल्द विश्विध्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर शोर्टलिस्ट हुए आवेदकों की सूची और विषयवार डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तिथि सम्बंधित अधिसूचना प्रकाशित कर दी जाएगी। यहाँ बता दें उक्त बाहली विश्वविद्यालय द्वारा राजभवन और झारखण्ड सरकार के उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग से प्राप्त आदेश के आलोक में की जा रही है। इस नियुक्ति के लिए विज्ञापन सरकार द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध झारखण्ड सरकार के उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित रोस्टर के आधार की जा रही है। यह नियुक्ति विश्विध्यालय द्वारा झारखण्ड सरकार के उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग, राँची द्वारा अधिसूचित यूजीसी नियमावली 2018 के आनुसार की जा रही है।

## तीन परीक्षाओं का परिणाम घोषित

**प्रतिनिधि,दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा बुधवार को तीन परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें एम?एड? सेमेस्टर - 3 परीक्षा 2023, सत्र 2022-24, एम.एड. सेमेस्टर - 4 परीक्षा 2023, सत्र 2021-23 तथा एम.ए. इन संताल कल्चर स्टडीज सेमेस्टर - 1 परीक्षा 2023, सत्र 2023-25 का परीक्षा परिणाम शामिल है। उक्त सभी परीक्षाओं में शत प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है।

# जाने माने पर्यावरण विद कौशल किशोर जायसवाल प्राइड औफ झारखंड अवार्ड से सम्मानित



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,मेदिनीनगर (पलामू)।** रांची के बीएनआर,चाणक्य होटल में आयोजित एक सम्मान समारोह में सूबे के विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो ने पलामू जिले के प्रख्यात पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल को प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर पर्यावरण विद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल ने विस अध्यक्ष को सिंगापुर के फिडल लिफ्ट और थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा प्रदान किया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री महतो ने राज्य भरसे आये विभिन्न क्षेत्रो में विख्यात लोगों को बारी- बारी से सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में विख्यात विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके धर्मपत्नी सह डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल भी उपस्थित थीं। यह उल्लेखनीय है कि पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल किशोर को अबतक देश, विदेश में 61 अवार्ड मिल चुके हैं। सम्मानित होने के बाद वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि पिछले 18 माह के भीतर उन्हें नौ अवार्ड मिला है। पर्यावरणविद को सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विधानसभा अध्यक्ष, रविंद्र नाथ महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश समेत पलामू के तत्कालीन प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, उपायुक्त आंजनयेलु डोडे , पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित कई राज्यों के कई स्कूलों के प्रिंसिपल द्वारा उन्हें अवार्ड मिल चुका है। उन्होंने यह भी बताया उन्हें पिछले वर्ष मलेशिया में भी आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान नामक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उक्त समारोह में उनकी धर्मपत्नी और संस्था के प्रधान सचिव सह डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल भी दर्जनों कार्यक्रम में उपस्थित होकर साक्षी बनी रहीं जो उनके जीवन में गौरव का क्षण है।

# पशुओं को लू से कैसे बचाएं: डॉ अमित कुमार झा

**प्रतिनिधि,दुमका।** पशु चिकित्सक डॉ अमित कुमार झा ने बताया कि मई का महीना चल रहा है गर्मी अपना पूरा तेवर दिखा रही है, आलम यह है कि दिन में धूप और लू ने आम लोगों के जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। इससे सबसे अधिक परेशानियां उन पशुओं को हो रही है जो चरने के लिए खुले खेतों पर आश्रित है इस वजह से पशु भी लू का शिकार हो रहे हैं । अगर किसी किसान भाई के पशु को तीव्र ज्वर है तो समझ लेना चाहिए कि पशु लू का शिकार हो गया है । डॉ.अमित कुमार झा ने लू के लक्षण के बारे में विस्तार से चर्चा की ।उन्होंने बताया कि पशु को लू लगने पर 106 से 108 डिग्री फारेनहाइट तेज बुखार होता है, सुस्त होकर खाना पीना छोड़ देता है, मुंह से जीभ बाहर निकल जाती है तथा सही तरह से सांस लेने में कठिनाई होती है तथा मुंह के आसपास झाग आ जाता है। लू लगने पर आंख एवं नाक लाल हो जाता है । पशु की नाक से खून आना प्रारंभ हो जाता है जिससे हम नकसीर कहते हैं। पशु के हृदय की धड़कन तेज हो जाती है, श्वास कमजोर पड़ जाती है जिससे पशु चक्कर खाकर गिर जाता है तथा इस स्थिति में पशु की मृत्यु भी हो सकती है। डॉ झा ने बताया कि लू से पशुओं को कैसे बचाएं। उन्होंने बताया कि पशुओं को हवादार पशु गृह या पेड़ों के नीचे ही बांधें। कुल मिलाकर पशुओं को ऐसी जगह रखें जहां उन पर सीधी धूप न पड़ती हो। पशु गृह को ठंडा रखने के लिए उसकी दीवारों पर जूट की टाट



लटकाई जा सकती है इसमें समय-समय पर पानी का छिड़काव कर गर्म हवा को अंदर आने से रोका जा सकता है। पशु गृह में पंखे या कूलर का प्रयोग कर उसे ठंडा बनाए रखना चाहिए। गर्मी की वजह से पानी की कमी ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए कम से कम चार बार पशुओं को ठंडा पानी दिया जाना चाहिए इससे वे हीट स्ट्रोक से बचे रहेंगे। पशु विशेष कर संकर नस्ल की गाय एवं भैंस को दिन में दो बार नहलाना चाहिए इससे उन्हें लू लगने से बचाया जा सकता है। पशुओं को चराई के लिए सुबह जल्दी और शाम को देरी से भेजना चाहिए। डेयरी पशुओं पर गर्मी के तनाव का मुख्य रूप से उनकी प्रजनन क्षमता पर असर पड़ता है तथा दूध उत्पादन में गिरावट आती है। डॉ झा ने बताया कि गर्मी में पशुओं को भोजन कम और पानी की आवश्यकता अधिक होती है। गर्मी के मौसम में पशुओं को सुखे चारे की जगह हरा चारा अधिक मात्रा में देना चाहिए। हरे चारे के दो फायदे होते हैं एक मवेशी स्वादिष्ट और पौष्टिक चारा ज्यादा चाव से खाता है दूसरा हरे चारे में 70 से 90% तक पानी होता है जो समय-समय पर पशु के शरीर में जल की पूर्ति करता है। पशु को अगर लू लग जाए तो उस स्थिति में क्या करें। वैसे स्थिति में पशु को पानी से भरे गड्ढे में रखकर उस पर ठंडे पानी का छिड़काव करना चाहिए। पशु के शरीर पर बर्फ या अल्कोहल को रगड़ना चाहिए इससे पशु को राहत मिलेगी । पशु को प्याज और पुदीने से बना अर्क पिलाना चाहिए । यदि इन उपायों के बाद भी पशु को आराम नहीं मिलता है तो पशु चिकित्सक से संपर्क करें। डॉ. झा ने लू के प्राकृतिक उपचार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि गायों के शरीर पर और कान के पीछे प्याज का रस लगाना हीट स्ट्रोक के लिए सबसे अधिक प्रभावी घरेलू उपचारों में से एक है।

कच्चा आम भी हीट स्ट्रोक से बचाव के साथ-साथ इलाज के लिए सबसे लोकप्रिय प्राकृतिक घरेलू उपचारों में से एक है । पानी में एलोवेरा का जूस मिलाकर पिलाना भी हीट स्ट्रोक के लिए सबसे आसान प्राकृतिक घरेलू उपचार है। अगर पशु गंभीर अवस्था में हो तो तुरंत निकट के पशु चिकित्सालय में जाएं क्योंकि लू से पीड़ित पशु में पानी की कमी हो जाती है इसकी पूर्ति के लिए पशु को ग्लूकोज की बोतल ड्रिप चढ़ावानी चाहिए और बुखार को कम करने व नकसीर के उपचार के लिए तुरंत पशु चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए।

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथों का किया निरीक्षण



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,पाकुड़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सफल संचालन को लेकर पाकुड़ व हिरणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मध्य विद्यालय कुड़ापाड़ा, बूथ संख्या 405, 406, ईशाकपुर, बूथ संख्या 190, 191, पंचायत सचिवालय हाथकाठी, बूथ संख्या 124, राजकीयकृत उच्च विद्यालय हिरणपुर, बूथ संख्या 126, 127 बूथों का निरीक्षण करते हुए विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही न्यूनतम सुनिश्चित सुविधा के मापदंडों, पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप, बेंच, डेस्क, शेड सहित आवश्यक अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर इस पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, हिरणपुर बीडीओ टुडु दिलीप, बीपीओ टिंकल चौधरी एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## सिमरिया विधानसभा के भाजपा नेता व अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो,मयूरहंड (चतरा)।** जिले के सिमरिया विधानसभा के मयूरहंड प्रखंड में दर्जनों गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया। भाजपा नेता जीतन राम ने लोगों से आग्रह किया कि इस बार चतरा लोकसभा से 5 लाख से भी अधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जिताना है एवं मोदी सरकार के संकल्प अबकी बार 400 सौ पार के सपनों के साकार करने को लेकर सभी को संकल्प दिलाया। भाजपा के जितन राम ने चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह को लोकसभा से मतदाताओं के द्वारा अपना एक एक कीमती मत देकर प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करा कर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की बात कही। इस मौके मयूरहंड प्रखंड के मंडल अध्यक्ष श्री महेंद्र नायक जी मयूरहंड के पूर्व प्रमुख श्री संजय कुमार सिंह जी कैलाश रविदास जी प्रभु भुईयां जी प्रयाग राम जी शुभम अंबेडकर जी संजय राम जी त्रिभुवन राम जी सुरेश राम जी संजय ठाकुर जी गोविंद दांगी जी संतोष यादव जी छोटन सिंह जी भारत राम जी योगेश्वर राम जी शाहिद समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्वीप कोषांग के द्वारा आमंत्रण पत्र वितरण कर लोगों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, पाकुड़।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर स्वीप कोषांग के द्वारा सिद्धो कान्हू पार्क के पास लोगों के बीच आमंत्रण पत्र वितरण कर लोगों को बताया गया कि लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। 01 जून 2024 को पाकुड़ जिले में सुबह 7ः00 बजे से संध्या 5ः00 बजे तक मतदान होगा। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि इसमें सभी मतदाता की भागीदारी हो। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं यथा पेयजल, शौचालय, छाया के लिए टेंट एवं रैंप की व्यवस्था की गई है, ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य 12 प्रकार के पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, इंडियन पासपोर्ट, फोटो पेस्टेड पेंशन कार्ड, गर्वनमेंट सर्विस कार्ड, फोटो युक्त पासबुक, स्मार्ट कार्ड, हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड, ऑफिशल आइडेंटिटी कार्ड, यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड आदि के माध्यम से आप अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। और लोगों से अनुरोध किया गया है कि मतदान की तिथि को अपने बूथ पर जाकर अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसी से हमारे देश का लोकतंत्र मजबूत होगा।

## झामुमो के कार्यक्रम में मंचासिन दिखे आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, पाकुड़।** लोकसभा चुनाव 2024 में राजमहल क्षेत्र से तीन प्रत्याशी भाजपा के ताला मरांडी, इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा और निर्दलीय प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम के बीच यानी त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना देखी जा रही है। सभी पार्टियां एक दूसरे पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अपने खेमे में लाने की भरपूर कोशिश कर रही है। भाई साहब ये तो राजनीति है कोशिश तो करेगा ही। ऐसा नजारा विगत बुधवार को सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी में आयोजित इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के एक कार्यक्रम में देखा गया। कार्यक्रम में झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन में आजसू पार्टी का केंद्रीय समिति सदस्य अल्फ्रेड सोरेन झामुमो उम्मीदवार के साथ बैठक करते नजर आ रहे है। इससे कयास लगाया जा सकता है कि आजसू पार्टी के कार्यकर्ता झामुमो के समर्थन में जनसंपर्क करना शुरू कर चुके है। एक बात यह भी है कि आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक अकिल अख्तर एवं आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम एवं आजसू जिला कमिटी एनडीए गठबंधन के पक्ष में वोट मांग रहा है। आजसू केंद्रीय समिति सदस्य अल्फ्रेड सोरेन आखिर किस कारण या लालच से इंडिया गठबंधन के समर्थन में वोट मांग रहे है। भाई साहब ये तो राजनीति है यहां कभी भी किसी भी समय कुछ भी हो सकता है मगर देश की जनता सब जानती है।

## इंडिया गठबंधन की जीत के लिए चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, पाकुड़।** विगत बुधवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा ने सदर पाकुड़ प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों ईसाकपुर , चंद्रपाड़ा मोड़ , रहसपुर, नवादा, इलामी, तारानगर, संग्रामपुर, नरोत्तमपुर आदि गाँव का तूफानी दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू हुए साथ ही तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर गठबंधन की हाथ मजबूत करने की अपील किया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रदेश महासचिव उदय लखवानी, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, कोषाध्यक्ष असद हुसैन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज,निरंजन मिश्रा, मंजुला हांसदा, पप्पू गंगवानी, रामविलास महतो, देबू विश्वास, मुजीबुर रहमान, होबी सेख, सेलिम सेख, नसिम आलम, सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे !

# मोदी के हाथों में देश सुरक्षित : हिमंता विश्वा शर्मा

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता



**रजरप्पा।** रजरप्पा मां छिन्नमस्तिकी की पावन धरती पर ,असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने अपने संबोधन के शुरुआत में कहा कि मैं मां कामाख्या की धरती से आया हूं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के धरती मां छिन्नमस्तिका को प्रणाम करता हूं। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए आप सभी को कहना चाहता हूं कि देश में चार चरण का चुनाव अभी तक संपन्न हो चुका है और किसी के मन में कोई संदेह नहीं है कि है आपकी बार भाजपा 400 पार सीट जीत रही है। उन्होंने कहा कि जनता का रुझान स्पष्ट संकेत दे रहा है कि इस बार 400 से एक भी सीट काम नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा का एक ही बात बोल रहें हैं की किसी तरह 400 पार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा की राम मंदिर निर्माण के बाद हिंदुओं के बीच प्रबल उत्साह है। हिमंता विश्व शर्मा ने कहा की जब भाजपा ने 300 सीट पर किया तो कश्मीर से धारा 370 हटा, बाबरी मस्जिद की ढांचा की जगह राम मंदिर का निर्माण हुआ और इस बार 400 पार सीटों आया तो पीओके भी भारत में विलीन हो जायेगा। कृष्ण लला आएंगे और ज्ञानवापी में भी मंदिर बनेगा। उन्होंने कहा की देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड बेहद जरूरी है। पीएम मोदी ने 300 सीट जीतकर तो सिर्फ ट्रेलर दिखाया है 400 सीट आने के बाद पूरी फिल्म दिखाएंगे। हेमंता विश्व शर्मा ने झारखंड की मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे असम और झारखंड की जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति एक है लेकिन झारखंड खनिज संपदा से भरपूर और समृद्ध है। बावजूद इसके झारखंड में जिस प्रकार घुसपैठिए प्रवेश कर रहे हैं उसे झारखंड की डेमोग्राफी प्रभावित हो रही है और स्थानीय झारखंडी में इसका दुष्प्रभाव हो रहा है। *कांग्रेस और झामुम की सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार के लिए देश दुनिया में विख्यात कर दिया है।* कांग्रेस और झामुमो की गठबंधन की सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करती है। उन्होंने कहा की पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने आरक्षण के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं किया बल्कि दलित और आदिवासी समाज से आने वाले को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर विराजमान कर सम्मान देने का काम किया है। जबकि गैर भाजपा शासित प्रदेश कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में ओबीसी का आरक्षण काटकर मुस्लिम समुदाय को आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट के विकास के लिए, मथुरा और काशी में अधूरे सपने को पूरा करने के लिए, पीओके के वापसी के लिए, भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए, भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने के लिए एनडीए गठबंधन को 400 पार सीटों से जिताएं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से मनीष जायसवाल को प्रचंड बहुमत से सांसद बनाएं ।मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की देश में रामराज्य चाहिए या जिहाद राज्य अब यह तय करने का समय आ गया है। हमारे कल्चर, हेरिटेज, सांस्कृतिक धरोहर को बचाना होगा। उन्होंने कहा की विकास के मामले अगर आप देखें तो मद्व कांग्रेस के 60 सालों में कोई विकास नहीं किया। गरीबों की चिंता किसी ने की तो मोदी सरकार ने किया। पीएम मोदी का सपना है आगामी 2047 तक 2047 तक संपूर्ण भारत विकसित राष्ट बने और यहां के निवासी हर जरूरी सुविधा का लाभ ले सकें लेकिन यह सपना तभी पूरा हो सकता है, जब आगामी 20 मई को आप सभी ईवीएम के बटन नंबर दो में कमल छाप पर अपना बहुमूल्य वोट देने का काम करेंगे। आप कमल छाप में वोट करेंगे तो आपका वोट देश के विकास में सीधा-सीधा नरेंद्र मोदी को जाएगा। *मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए और अपने बच्चे और देश की भविष्य को सुरक्षित बनाएं* ।राज्यसभा सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष *दीपक प्रकाश ने कहा की यह लोकसभा चुनाव एक धर्मयुद्ध है। जो कोरव और पांडव के युद्ध के रूप में चल रहा है।* जिसमें पांडव के नेता के रूप में दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी धर्मयुद्ध में कमान थामे हैं तो दूसरी तरफ कोरव की सेना के रूप में कांग्रेस पार्टी की महागठबंधन खड़ी है उसका सत्यानाश झारखंड सहित पूरे देश में होने तय है। यह कांग्रेस के लिए अंतिम चुनाव है। *रामगढ़ विधायिका सुनीता चौधरी जी ने भाजपा और आजसु कार्यकर्ताओं को मिल करके चुनाव जीताने की रणनीति तैयार करने को कहा* हजारीबाग में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के आगे कोई टिकने वाला नहीं है। यहां तो कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिला तो हमारे एक साथी को फोड़कर कांग्रेसी चुनाव लड़वा रहें हैं लेकिन जमानत जब्त होने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा की 20 मई को कमल फूल छाप में वोट देकर मनीष जायसवाल को जिताएं और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। *तपती गर्मी में लोगों ने पंडाल के नीचे रहने की जगह पेड़ की छाव को अपना सरन बनाया* इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी शशि भूषण भगत जी वसूद तिवारी ,सह संयोजक रननंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू ,रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, ग्वालियर के पूर्व विधायक घनश्याम पीरोनिया , उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी , वसुंधरा तिवारी दिलीप सिंह, प्रो0 संजय सिंह दिनेशप्रसाद साहू चितरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद वर्मा केंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंशी, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव , साहित सभी मण्डल अध्यक्ष,विधानसभा संयोजक चंद्रशेखर चौधरी सह संयोजक रंजीत पांडे एवं विजय जायसवाल, मीडिया प्रभारी भीम सेन चौहान रजीव रंजन,आईटी सेल प्रवीण सोनू,धीरज साहू , सोशल मीडिया संतोष शर्मा, बृजेश पाठक दीनबंधु पोद्दार वासुदेव प्रजापति मणि शंकर ठाकुर सुशांत पांडे ऋषिकेश सिंह सरदार अनमोल सिंह नीरज मंडल साहित्य कई भाजपा और आजसू के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय स्थापना दिवस का रंगारंग आगाज

### टीआरवी बैंड की प्रस्तुति पर जमकर झूमे विद्यार्थी



**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय आज ना सिर्फ आसपास के क्षेत्रों में बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है और इसका श्रेय विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों व विश्वविद्यालय से जुड़े सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मचारियों को जाता है। उक्त बातें आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में 9वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कस्तूरी 2024 कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 16 मई 2016 को जब विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, उसी वक्त से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता में शामिल था। आज उसी का परिणाम है कि ना सिर्फ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया है बल्कि यहां के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ खेल-कूद, सांस्कृतिक गतिविधियों समेत विभिन्न गतिविधियों में सफलता का परचम लहराया है। इससे पूर्व कस्तूरी 2024 का रंगारंग आगाज़ बुधवार को हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बता दें कि दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बुधवार को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने क्वालिटी एजुकेशन के लिए प्रतिबद्ध है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य तकनीकी स्तर पर कुशल, पारंपरिक ज्ञान, मूल्य आदि का विकास करते हुए आधुनिक परिवेश के लिए तैयार करना है, जिसे विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों की सहयोग से सफल बनाने में मदद मिली है। उन्होंने आसपास के क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों का भी आभार जताया। इसके बाद कृति प्रभु के गाए भजन ने पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। आर्यन कुमार, प्रगति कुमारी, शालिनी कश्यप व दयानंद राम के गीतों ने समां बांध दिया तो तन्नू श्री एंड ग्रूप, रिया एंड ग्रूप व स्वप्निल आर्या एंड ग्रुप के मनमोहक नृत्य से मौजूद कई लोगों के पांव थिरकने लगे। वहीं संध्या वर्मा एंड ग्रुप के डांस ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रिया मित्रा, शालिनी कुमारी, स्वप्निल आर्या, प्रिया सिंह, विनिता पांडेय, स्नेहा सिंह, ओम प्रकाश, संध्या वर्मा व अलीशा सिंह के नृत्य को भी सराहना मिली। इसके बाद कुमारी सीमा के नेतृत्व में टीआरवी बैंड में शामिल अंशु, साहिल, दीपक, आदित्य, आदित्य की सामुहिक गायन प्रस्तुति से संगीतमय माहौल में बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थी खूब झूमे। मंच संचालन डॉ प्रीति व्यास ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के डॉ प्रीति व्यास, रितेश कुमार, डॉ अरविंद कुमार, कुमारी सीमा, डॉ रोजीकांत, सबीता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## इंसानियत फाउंडेशन के तीन सदस्यों ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को किया रक्तदान

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,पाकुड़।** इंसानियत फाउंडेशन के आह्वान पर तीन असहाय जरूरतमंदो को मिली राहत। संस्था के तमाम सदस्य रक्तदान मामले मे हर समय तत्पर रहता है। लोगो को मदद करना ही संस्था के सदस्यों का कर्तव्य है। सदर अस्पताल सोनाजोरी मे इलाजरत पृथ्वीनगर के 7वर्षीय तमन्ना यास्मीन को ए पॉजिटिव, विजयपूर के रजिया खातून को ओ पॉजिटिव, तथा चाचकी के नरगिस खातुन को ओ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी। संस्था के सदस्य अजमल ने ओ पॉजिटिव, महेशपुर के सदस्य ने ए पॉजिटिव, जेलाल शेख ने ओ पॉजिटिव रक्तदान करने के लिए पाकुड़ रक्त अधिकोष पहुंच कर रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओ ने कहा कि रक्तदान करके बहुत खुशी महसूस हो रही है और आगे भी रक्तदान करता रहूंगा। मौके पर इंसानियत फाउंडेशन के सचिव बानिज शेख, आरिफ हुसैन, सलीम शेख, अब्दुल्लाह कर्मचारी नवीन और पियूष दास मौजूद रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

### सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए व बेहतर माइक्रोप्लान तैयार करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएंगे

पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** स्थानीय समाहरणालय सभागार कक्ष में बुधवार को उपायुक्त,नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने वयस्क बीसीजी टीकाकरण से जुड़े कई बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत बीसीजी का टीका 18 वर्ष से अधिक आयु के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इसमें जिन व्यक्तियों को पूर्व में टीवी हुई हो, टीवी संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों ( परिवार वाले, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता), 60 वर्ष और उसे अधिक के बुजुर्ग, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति, मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी (स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग) को निर्देश देते हुए कहा है कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण 31 मई तक किया जाना है जिसमें सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जून के प्रथम सप्ताह तक प्रखंड स्तर पर सभी प्रशिक्षण पूर्ण किया जाना है, तीसरी सप्ताह तक सर्वे एवम चौथी सप्ताह तक माइक्रोप्लान पूरा कर लेना है जिससे दिनांक 01.07.2024 से वयस्क बीसीजी टीकाकरण शुरू किया जा सके। अर्थात जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर में सफल पूर्वक टीकाकरण किया जा सके।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर माइक्रोप्लान बनाने में सपोर्ट करेंगे। समाज कल्याण विभाग संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराएंगे एवम जिन क्षेत्र में सहिया नही है वहां सेविका सहयोग करेंगी। उपायुक्त द्वारा प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम का प्रचार - प्रसार अधिक से अधिक करने हेतु आदेश दिए गए, साथ ही कुपोषण उपचार केंद्र, सदर अस्पताल में आवश्यक सामग्री, ब्लड बैंक/ब्लड डोनेशन कैंप, आरआई एवम इलेक्शन से संबंधित समीक्षा की गई।

प्रशिक्षण में सिविल सर्जन गिरीडीह, डीआरसीएचओ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डाटा पर्सन, सभी बीटीटी, सीडीपीओ, एलएस, हू एवम स्वयं सेवी संस्था उपस्थित रहे।

# भाजपा ने किया पाकुड़ एवं महेशपुर विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**पाकुड़।** लोकसभा चुनाव के निमित्त राजमहल लोकसभा अन्तर्गत भाजपा ने अपर्णा मार्केट, हाटपाड़ा, पाकुड़ में पाकुड़ विधानसभा के चुनाव कार्यालय एवं महेशपुर में महेशपुर विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष -सह- राजमहल लोकसभा के प्रभारी राकेश प्रसाद ने फीता काटकर एवं लोकसभा सह संयोजक सह प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने नारियल फोड़कर किया। राकेश प्रसाद ने कार्यालय उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी सम्मानित वरीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं को अपने उत्सावर्द्धक संबोधन से संबोधित करते हुए कहा कि एक जून अब ज्यादा दूर नही, इस कार्यालय का भरपूर उपयोग कर आप अपने विधानसभा स्थित प्रत्येक बूथ के मजबूती के लिए अब पूरा जोर लगा दें। आप सभी जमीनी कार्यकर्त्ताओं के कड़ी मेहनत निश्चय इस बार राजमहल लोकसभा में भी कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को और मजबूत करने का काम करेगा। पाकुड़ विधानसभा के चुनाव कार्यालय उद्घाटन समारोह के समाप्ति के पश्चात छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर उक्त कार्यालय में उपस्थित सभी सम्मानित कार्यकर्त्ताओं के संग एक अहम बैठक कर सबको पूरे मनोबल के साथ अपने-अपने बुथों को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के गरीब युवा किसान महिलाओं के लिए किये गये विभिन्न विशिष्ट कार्यो एवं विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमों के साथ विपक्षियों के भ्रष्टाचार, भ्रम फैलाने और देश को कमजोर करने की गलत नीतियों-खेलों के बारे में भी राजमहल लोकसभा के हमारे जनता-जनार्द्धन अब भलिभांति अवगत हो गये होंगे। आपसभी घर-घर जाकर हर एक मतदाता से भय-गरीबी-भ्रष्टाचार से छुटकारा पाने एवं अपने लोकसभा क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए कमल निशान का बटन दबाकर भाजपा के पक्ष में वोट करने एवं भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को जीताने का अपील मतदाताओं से करें।

## अधिवक्ता परिषद का हुआ गठन

**प्रतिनिधि,रामगढ़।** अधिवक्ता परिषद झारखंड के जिला ईकाई की बैठक मंगलवार को रामगढ़ झंडा चौक स्थित प्राचीन महावीर मंदिर के प्रागंण में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की चित्र पर दीप जलाकर किया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष सह संगठन आयोग प्रभारी राजेन्द्र कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रशांत विद्यार्थी, भीम महतो, जिला संघचालक आर एस एस शत्रुघ्न प्रसाद आदि उपस्थित हुए। इस दौरान संगठनात्मक पहलुओं पर विचार विमर्श किए। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिए। इसदौरान अधिवक्ता परिषद रामगढ़ जिला इकाई की घोषणा की गई।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/महिला/कुडू/कुजरा/कैरो, लोहरदगा
(Email Id- principalitilohardaga@gmail.com)

नामांकन सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त लोहरदगा जिला के सभी सरकारी (LWE सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, यथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुजरा/कुडू/महिला/कैरो, लोहरदगा के शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in — Admission Tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–

क) सीट मेटल वर्कर, वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पेन्टर (जेनरल) पलम्बर, वेल्डर, वेल्डर (GMAW & GTAW), वेल्डर (Fabrication & Fitting), सीविंग टेक्नोलॉजी, कटिंग एण्ड सीविंग, कारपेन्टर (New Name- Wood Work Technician), सर्फेश अर्नामेंटेशन टेकनिक्स एवं वीबिंग टेक्नीशियन फॉर सिल्क एण्ड वुलन फैब्रिक्स व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उर्त्तीणता आवश्यक है।

ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उर्त्तीणता आवश्यक है।

3. महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्र0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 15.05.2024 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 09.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 12.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे |
| 4 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 13.06.2024 से 15.06.2024 |
| 5 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 20.06.2024 |

4. डी0जी0टी0 के पत्रांक DGT-Aff011/1/2023-O0 DIR (TC) Part (2)[63756], दिनांक 03.05.2024 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उर्त्तीणता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्त्तन करने की अनुमाति नहीं होगी। डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।

6. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है या www.lohardaga.nic.in से देखा/डाउनलोड किया जा सकता है तथा संस्थानों के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

7. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नं0–9279316039/9308058506/9631039626 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

ह0
प्राचार्य
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
कुजरा, लोहरदगा

PR 324823 Lohardaga(24-25).D

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया

## निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना स्थल आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना स्थल आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना स्थल में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों/कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बाजार समिति, पचंबा स्थित स्ट्रॉन्ग रूम का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही वहां अधिष्ठापित सीसीटीवी रूम और कमिशनिंग रूम का भी अवलोकन किया गया। इसके साथ ही सभी मशीनरी को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, खोरी महुआ, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत निर्वाचन के अधिकारी उपस्थित थे। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सके।

## चेंबर भवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री संग परिचर्चा आयोजित

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** राज्य में आर्थिक प्रगति के साथ ही अन्य विकासात्मक मुद्दों पर बुधवार को चैंबर भवन में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद (राज्यसभा) जयराम रमेश और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने राज्य के व्यापार, उद्योग के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों जैसे भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने, राज्य में बंद पडी खदानों को खोलने, रूग्ण होते अभ्रक उद्योगों के रिवाइवल हेतु हस्तक्षेप करने, झारखण्ड में निफ्ट की स्थापना का प्रस्ताव केंद्र को भेंजने, खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने और प्रत्येक जिले में महिला मार्केट की स्थापना के लिए सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप को जरूरी बताया। साथ ही उन्होंने झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक को स्थाई रूप से वापस लेने का निर्णय करने को जरूरी बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने अपने उद्बोधन में राज्य के विकास से जुडे मुद्दों पर अपने विचार साझा किये। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने झारखण्ड के चहुंमुखी विकास में व्यापार व उद्योग जगत की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्याशी यषस्विनी सहाय भी उपस्थित थीं। परिचर्चा के आयोजन में झारखण्ड प्रोफेशनल कांग्रेस के आदित्य विक्रम जयसवाल ने मुख्य भूमिका निभाई। परिचर्चा का मंच संचालन कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने किया। परिचर्चा में उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, राम बांगड, नवजोत अलंग, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार, अरूण बुधिया, मनोज नरेडी, सदस्य संतोष अग्रवाल, शषांक भारद्वाज, मनोज मिश्रा, किशन अग्रवाल, आनंद जालान, निरंजन शर्मा, विनय सिन्हा दिपू, डॉ एससी जैन, सुबोध वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, मीनाक्षी सिंह, श्रीराम शर्मा, एम आसीफ, तरूण सहाय, राजीव चौधरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## टाना भगतों ने यशस्विनी सहाय को दिया आशीर्वाद

### कहा, विजयी भव

**विशेष संवाददाता,रांची।** आइएनडीआईए गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को टाना भगतों ने चुनाव में विजयी होने का आशीर्वाद दिया। बुधवार को एचईसी परिसर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवासीय कार्यालय पर खगसीटोली टाना भगत गांव (बेड़ो-लापुंग साईं मंदिर मार्ग) से केडी गुरु के नेतृत्व में टाना भगतों का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को आशीर्वाद देने पहुंचे।

प्रतिनिधिमंडल में केडी गुरु के अलावा ऐतवा टाना भगत, धरमू टाना भगत, गोबरा टाना भगत, जुरा भगत, मंगरा टाना भगत, दलिया टाना भगत, सनिका टाना भगत, विक्रांत केरकेट्टा टाना भगत सहित अन्य शामिल थे।

## चौपारण के दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना, चालक की मौत

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,चौपारण (हजारीबाग)।** जीटी रोड के दनुआ घाटी में बीती रात्रि एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे वाहन चालक की मौत मौके पर ही हो गई। पिकअप वाहन संख्या OD01Y / 6531 नाम दिवाकर कुमार पिता जगरनाथ बहेरा उम्र 41वर्ष सरायकेला झारखण्ड से बिहार कि ओर आम लेकर जा रहा था चालक को झपकी आने से आगे चल रहे अज्ञात वाहन में जोरदार टक्कर हुआ जिससे गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और चालक कि मौत गाड़ी में दबकर घटना स्थल पर ही हो गयी तत्काल एम्बुलेंस से चालक को सामुदायिक अस्पताल चौपारण लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने मृत बताकर पोस्टमार्टम के लिये हजारीबाग भेज दिया।

## झारखंड के पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र राय पहुंचे इटखोरी, किया कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा

**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो,इटखोरी (चतरा)** गर्मी की तपिश के साथ-साथ चुनावी तपिस में भी तेजी से वृद्धि होते जा रही है। जैसे-जैसे चुनाव के दिन नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्य कर्ता उत्साह और लगन के साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क कर अपने दल के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में झारखंड के पूर्व भाजपा अध्यक्ष रविंद्र राय बुधवार को इटखोरी पधारे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्री राय का स्वागत किया। इस दरमियान रविंद्र राय ने इटखोरी के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। इस क्रम में इटखोरी के धुना पंचायत में जनसभा की। इस सभा में उपस्थित लोगों के बीच उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के विचारों को रखा। उन्होंने कहा कि देश का सर्वांगीण विकास, देश के नागरिकों का सर्वांगीण विकास, अपने झारखंड प्रदेश का सर्वांगीण विकास केंद्र की मजबूत सरकार के द्वारा ही संभव है। एक मजबूत सरकार ही देश के विकास की गाड़ी को गति दे सकती है। विगत 10 वर्षों के मोदी सरकार के कार्यों को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा की आजादी के बाद पहली बार लगा है कि देश में सरकार नाम की कोई चीज है

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक न्याय और सामाजिक उत्थान के सशक्तिकरण के लिए तत्पर हैं -संजय सेठ

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने बुधवार को हटिया विधानसभा के नगरी प्रखंड के ऐडचेरो , साहेर , नगडी, नारो,लालगुटवा ,नयासराय ,दलादिली,सहित रामपुर और गुदली पोखर, में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सेठ ने कहा कमजोर वर्गों की आकांक्षाओं की पूर्ति करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना मोदी जी का लक्ष्य है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक न्याय और सामाजिक उत्थान के सशक्तिकरण के लिए तत्पर हैं । अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मचारियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनके सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा और रोजगार हेतु ऋष्टा उपलब्ध करा रही है। हमारे सफाई कर्मचारी समाज में सबसे अवंचित वर्ग से आते हैं जिनके पास न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा है जो अस्वक्षता और तनावपूर्ण स्थिति में काम करते हैं । इनका जीवन स्तर उठाने के लिए मोदी सरकार ने नमस्ते स्कीम की शुरुआत की है जिसमें आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड दिए जा रहे हैं। इन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए कम ब्याज पर बिना किसी गारंटी के ऋष्टा उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि यह अपने पैरों पर खड़े हो सके। भाजपा का मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास। इन्हीं मूल मंत्र के साथ हमारे प्रधानमंत्री काम करते हैं, वहीं कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर चुनाव जीतना चाहती है ।इसलिए हमेशा सनातनियों का अपमान करना सनातन धर्म को अपशब्द कहना उनकी नियत बन गई है हम सभी वर्गों को न्याय और उनका अधिकार देकर उन्हें स्वावलंबी बनाना चाहते हैं ताकि राष्ट्र के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है विकसित भारत और हम उसी को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

विधायक नवीन जायसवाल *ने कहा झारखंड भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और यहां के मंत्री के करीबी नौकर के घर से 32 करोड़ रूपया काली कमाई के निकल रहे हैं तो मंत्री के घर में कितना पैसा होगा। यह पूरी झारखंड की सरकार अखंड भ्रष्टाचार में डूबी हुई है यहां की सरकार ने यहां के जल जंगल जमीन सबको लूट लिया यहां के मुख्यमंत्री जेल में है यहां के अधिकारी जेल में है इसलिए राष्ट्र के निर्माण में नरेंद्र मोदी को वोट देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को शौचालय दिया, जिसे हम इज्जत घर कहते हैं । प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड ,हो किसानों को अनुदान के तौर पर ?6000 प्रति साल ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत महिलाओं को सम्मान दे रहे हैं महिलाओं को सशक्तिकरण करने के लिए नरेंद्र मोदी ने कई तरह के स्कीम चल रहे हैं आज महिला समूह के तहत देश के करोड़ों महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। और वह सीधे रोजगार से जुड़ रही है इसलिए देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए कमल के निशान पर बटन दबाकर रांची से सांसद संजय सेठ को जितायें।

इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रदीप सिन्हा, चूड़ामणि महतो, राकेश केसरी ,नेहा सिंह ,कुणाल सहदेव, कमलेश ओहदार ,दिलीप तिर्की, शीतल साहू, नरेश बैठा, सुधाकर चौबे, अनिल गोप, रेणु देवी, शीला देवी ,बलवंत जी, श्री चरण कुशवाहा ,कमलेश ओहदार, डॉक्टर मांसा बेन, जय कृष्ण महतो, संजय महतो ,गुड्डू राम ,नंदकिशोर जी, मधुबाला देवी, हेमंत केसरी, मंगल उरांव ,लाल प्रकाश नाथ सिंह, लाल प्रकाश नाथ शाहदेव, दिलीप सिंह, कृष्ण महतो, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### रांची जिला केसरवानी वैश्य समाज मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में सम्मिलित हुए सांसद सेठ

सभी लोगों से 25 तारीख को राष्ट्रीय निर्माण के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की उन्होंने कहा सभी अपने-अपने लोगों को जागरूक करें लोगों को वोट देने की अपील करें समाज के सभी लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करें ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन सके

इस संगोष्ठी में विधायक नवीन जायसवाल कार्तिक केसरी हेमंत केसरी कैलाश केसरी मोहन केसरी मिथिलेश केसरी रेखा केसरी राधेश्याम केसरी रूपा केसरी नवीन केसरी मंटू केसरी दौलत राम केसरी उपस्थित थे

### अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के साथ बैठक

सांसद सेठ ने कुशवाहा समाज के लोगों से मिले उनकी समस्याओं को सुना एवं 25 तारीख को राष्ट्र निर्माण में लोगों से वोट करने की अपील की इस अवसर पर विधायक नवीन जायसवाल, चूड़ामणि महतो, केदार महतो,अभय कुमार महतो ,शिवचरण कुशवाहा, सुनील कुमार, सुदर्शन महतो, प्रयाग महतो, रेणु कुमारी, मधुबाला ,सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे। सहित रांची महानगर के सभी मंडलों में ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंडलों में पथ सभा एवं जनसंपर्क अभियान महिला मोर्चा युवा मोर्चा के द्वारा चलाया गया।

## भाजपा–कांग्रेस प्रत्याशी को छोड़कर शेष किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में करें मतदान -मंच



पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**बड़कागांव।** हजारीबाग के लोकसभा चुनाव में दोनों गठबंधन के प्रत्याशी की नजर बड़कागांव के कॉल ब्लॉक की कमाई पर नजर है। कांग्रेस प्रत्याशी अभी भी अप्रत्यक्ष रूप से एनडीए के ही प्रत्याशी हैं। क्योंकि अब तक विधायकी से त्यागपत्र नहीं दिए हैं। लोकसभा का चुनाव हारने के बाद वह पुनः भाजपा में के गोद में ही खेलने लगेंगे। उन्हें क्षेत्र की समस्या से लेना-देना नहीं सिर्फ पद चाहिए। उक्त बातें बड़कागांव नागरिक अधिकार मंच के संयोजक लखिंद्र ठाकुर ने जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्रांगण में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बड़कागांव की जनता को भाजपा- कांग्रेस प्रत्याशी को छोड़कर शेष 15 प्रत्याशी में से शिक्षित, संघर्षील एवं संसद भवन में मुखर होकर क्षेत्र की आवाज उठाने वाले किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री ठाकुर ने भाजपा की ओर इंगित करते हुए कहा कि वर्तमान चुनाव तानाशाही रवैया पर हो रही है ना की लोकतांत्रिक तरीके से। इस पार्टी में व्यक्ति हावी है ना कि पार्टी। श्री ठाकुर में आगे कहा कि भाजपा प्रत्याशी बड़कागांव का स्थानीय निवासी होने का दुहाई दे रहे हैं लेकिन 2016 में जब बड़कागांव जल रहा था तो वे कहां सोए हुए थे।मंच के सदस्य सोनू इराकी ने कहा कि किसी भी प्रत्याशी ने बड़कागांव का स्थानीय मुद्दा को एजेंडा में नहीं लाया है इसलिए यहां के लोगों को नोटा में वोट करना चाहिए। सदस्य रामदुलार साव ने कहा कि बड़कागांव में विस्थापन एक बड़ी मुद्दा है जिसे ध्यान में रखते हुए मतदान करनी चाहिए।

# चतरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने लातेहार का दौरा किया

### दर्जनों गांव में लोगों से जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी को वोट देने का किया आग्रह

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो



**चतरा।** जैसे-जैसे चुनाव का दिन नजदीक आते जा रहा है वैसे-वैसे विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी, नेता और कार्यकर्ता अधिक से अधिक मतदाताओं से जनसंपर्क कर अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं इसी क्रम में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आज चतरा लोकसभा क्षेत्र के कोमर, झाबर, ईचाक, बालू, टेमकी, पतरातू, मरूप समेत एक दर्जन से ज्यादा गांवों में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर लोगों से भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने का अपील की।श्री सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के लातेहार के मुरूप में आयोजित श्री रूद्र महायज्ञ सह दिव्यज्ञान यज्ञ में शामिल होकर देवाधिदेव महादेव से चतरा समेत देश की उन्नति और तरक्की की कामना की।

इस जन संपर्क कार्यक्रम में सुरेश सिंह, गोपाल सिंह, विवेक सिंह , प्रवीण सिंह, अजीत सिंह, मोनू पासवान, बिपिन सिंह एवं राजकिशोर पासवान , वासुदेव उरांव, देवकी नंदन तिवारी, सतीश तिवारी, दिलीप तिवारी, यमुना यादव ,आनंद कुमार , किशोर कुमार, विनोद याद, अवधेश साव, अशोक साव, महेंद्र ठाकुर , महेंद्र साव, कुलदीप साव , लालजी उरांव, अवधेश प्रजापति , नागेंद्र प्रसाद, विजय साव, बलराम प्रसाद , देवनंदन साव,मोहन दयाल, अनिल यादव , सुरेंद्र सिंह,रामकिशोर सिंह, प्रशांत सिंह एवं अनीता देवी, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री संतोष यादव, देवकीनंदन दास , सूरज उरांव, रवि भगत, दिलीप सिंह, प्रदीप गोस्वामी, रामविलास सिंह, मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने जनसम्पर्क के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं के पास जनता के पास जाने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं मिल रहा क्योंकि एनडीए सरकार ने विगत दस वर्ष तक विकास के वे कार्य किये है जिसके बारे लोग सोच तक नहीं सकते थे। देश में भाजपा सरकार के विकास कार्य से झामुमो कांग्रेस समेत अन्य दल हताश और परेशान है।विगत दस वर्ष में सेना हो या फिर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क के साथ देश के हर क्षेत्र विकास और उन्नति ने दस्तक दी है। चतरा भी विकास के पथ पर अग्रसर है आने वाले समय में विकास कार्य और भी तीव्र गति से होंगे। सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास नीति पर चलते हुए भाजपा ने देश के हर तबके का विकास और कल्याण किया है।

# युवाओं को बेरोजगार करने वाली मोदी सरकार को बदलने का समय है -यशस्विनी सहाय

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी बैठक, पदयात्रा, जनसंपर्क और सभाएं कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

चुनावी बैठकों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ जुमलो की सरकार है। यह वोट पाने के लिए झूठे वादे करते हैं और चुनाव के बाद उसे जुमला बताकर लोगों को ठेंगा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय सभी के अकाउंट में 15 लाख देने और अच्छे दिन का वायदा करने वाली मोदी सरकार चुनाव के बाद इसे जुमला बता दिये। यह देश की जनता के साथ धोखा है। मोदी सरकार के गलत नीतियों के कारण आज देश के साथ लोगों के लिए बुरे दिन आ गए हैं। देश की जनता महंगाई, युवा बेरोजगारी, महिलाएं असुरक्षा और छोटे व्यापारी जीएसटी से परेशान है। जनता की परेशानी के बारे में प्रधानमंत्री एक शब्द भी नहीं बोलते हैं। वे लोगों का ध्यान बांटने के लिए इधर-उधर की बातें करते हैं। अब समय आ गया है कि जनता अपनी वोट के ताकत से जुमलो वाली मोदी सरकार को बदल दे। उन्होंने लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि जनता के पास मौका है कि महंगाई का बोझ लादने और युवाओं को बेरोजगार करने वाली मोदी सरकार को बदल दे। उन्होंने अपील किया कि 25 मई को कांग्रेस में वोट देकर यशस्विनी सहाय को विजयी बनाकर इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करें।

**इन क्षेत्रों में चलाया गया जनसंपर्क :**कांग्रेस प्रत्याशी ने बुधवार को बरियातू, रानी बागान, बुटी मोड़, सैनिक कॉलोनी, डूमरदगा, पाहन टोली, बीआईटी मोड़, विकास चौक, नेवरी, चूट्टू रिंग रोड, चकमे, कुम्हरिया, चंदवे चौक, उलातू सोजो, पिठोरिया चौक, बाड़ू, कोनकी के अलावा डोरंडा क्षेत्र के रिसलदार नगर, अरविंदो नगर, कुसई कॉलोनी, पाहन टोली, बान टोली, ऊपर टोला, एकता नगर, टंगा टोली, बैंक कॉलोनी और नायक टोली आदि क्षेत्र में पदयात्रा, जनसंपर्क और बैठक कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

**कार्यक्रम में यह रहे शामिल :**कार्यक्रम में कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, सुरेश बैठा संजर खान, नसीम अहमद, मनोज कुमार, बसंत उरांव, बादा कच्छप, सिरिना लकड़ा, नाजिमा रजा शाहिद अन्य शामिल थे।

## महिला कॉलेज में प्रिपेरेशन फॉर यूपीएससी विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, पाकुड।** बुधवार को स्टूडेंट केरियर गाइडेंस केन्द्र, महिला कॉलेज, पाकुड़ द्वारा "Preparation for UPSC" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें महिला कॉलेज के सेमेस्टर-1 सेमेस्टर- 3 एवं सेमेस्टर -5 के छात्राओं द्वारा भाग लिया। कार्यशाला में डॉ विश्वनाथ साह प्रभारी प्राचार्य, मॉडल कॉलेज पाकुड़, डॉ सुशीला हांसदा प्रभारी प्राचार्य, महिला कॉलेज, पाकुड़, दशमत किस्कू, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग, डॉ अमित कुमार झा, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक वाणिज्य विभाग - सह- समन्वयक स्टूडेंट केरियर गाइडेंस सेंटर,महिला कॉलेज, पाकुड़ ने बारी बारी से छात्राओं को अभिप्रेरित किया।

# मोरिंगा ड्रमस्टिक पल्प पैटीज और केले के फूल की चटनी बनाकर सबिता मोहालिक ने जीता विजेता का खिताब

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**धनबाद।** ग्लेनमार्क फाउंडेशन ने इडोब्रो इम्पैक्ट सॉल्यूशंस के सहयोग से पाक प्रतियोगिता 'मेरी पौष्टिक रसोई' के छठे सीज़न के सफल समापन की घोषणा की। इस अखिल भारतीय पहल का उद्देश्य पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों के उत्सव और प्रचार के माध्यम से कुपोषण से मुकाबला करना है। साथ ही इसका मकसद देशभर में खान-पान की स्वस्थ और बेहतर आदतें अपनाने के लिए समुदायों को सशक्त बनाना भी है। फरीदाबाद, उत्तर प्रदेश की रहने वालीं सीमा सेतुमाधवन 'मेथी दाना सब्जी' के साथ खुली श्रेणी की विजेता रहीं।

### स्पर्धा का व्यापक प्रभाव

- 24 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों से 800 से अधिक प्रविष्टियाँ हासिल हुईं, जिनमें 250 से अधिक कस्बे और शहर शामिल हैं। इनमें लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की प्रविष्टियाँ और जम्मू और कश्मीर से पहली बार भागीदारी भी शामिल हैं।
- 50 से 65 वर्ष की आयु वर्ग के व्यक्तियों की ओर से प्रस्तुतियों में वृद्धि दर्शाती है कि पीढ़ियों के बीच पोषण में सुधार के लिए व्यापक प्रतिबद्धता बढ़ रही है।
- प्रतिभागियों ने चार श्रेणियों- एनजीओ, पेशेवर, छात्र और ओपन/व्यक्तिगत में अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया।

### पाक कला की उत्कृष्टता का जश्न

- एक कड़ी चयन प्रक्रिया, जिसका समापन 25 फाइनलिस्ट्स के साथ रमानाथ पय्याडे कॉलेज ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई में एक भव्य कुक-ऑफ प्रतिस्पर्धा के रूप में हुआ।
- सेलिब्रिटी शेफ गौतम महर्षि, अनुराधा शेखर, डॉ. बीएमएन कॉलेज के पूर्व वाइस प्रिंसिपल और शेफ योगेश उटेकर, प्रिंसिपल आरपीएच इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी स्टडीज सहित एक प्रतिष्ठित ग्रैंड जूरी ने पोषण, नवाचार और खाना पकाने के जुनून पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यंजनों का मूल्यांकन किया।

इस पहल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर- कॉर्पोरेट सर्विसेस, चेरिल पिंटो ने कहा, ÷ग्लेनमार्क फाउंडेशन में हमने हमेशा खान-पान संबंधी अपनी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और इसका जश्न मनाने का प्रयास किया है, क्योंकि आधुनिक जीवनशैली के कारण अक्सर हमारी समृद्ध विरासत प्रभावित होती है। 'मेरी पौष्टिक रसोई' के माध्यम से, हमने कुपोषण जैसे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर मुद्दों को दूर करने में पारंपरिक खान-पान के गहरे असर को सामने लाने की कोशिश की है।

डॉ. बीएनएम कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रिंसिपल और जूरी की सदस्य अनुराधा शेखर ने कहा, ÷रेसिपीज़ न केवल देखने में प्रभावशाली थीं, बल्कि अत्यधिक पौष्टिक, नवीन और प्यार से बनाई गई थीं। फाइनलिस्ट्स ने वास्तव में खाना पकाने और पोषण के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन किया, जिससे जजों के लिए विजेताओं का चयन करना एक मुश्किल काम हो गया।

इडोब्रो इम्पैक्ट सॉल्यूशंस के चीफ इम्पैक्ट ऑफिसर और एमडी करोन शैवा ने कहा, ÷यह पहल उद्योग, नागरिक समाज, शिक्षा और सरकार के बीच सहयोग का उदाहरण प्रस्तुत करती है। इन आवश्यक 4 प्रमुख हितधारक समूहों की सहायता से ही हम 'मेरी पौष्टिक रसोई' के मकसद को हासिल कर सकते हैं। दीर्घकालिक परिणामों के लिए आपसी सम्मान और विश्वास सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक की भूमिका को समझना और भी महत्वपूर्ण है।

# एआई की दुनिया

संपादकीय

कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नित नई होती दुनिया पर सबकी नजर स्वाभाविक और सुखद है। इंटरनेट पर अब लोगों के लिए केवल सर्च इंजन नहीं, बल्कि एआई से लैस बेहतर सर्च इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित होने वाली है। इंटरनेट की दुनिया में यह सबसे बड़ी खबर है कि ओपनएआई एक नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सर्च इंजन की घोषणा के लिए तैयार है। यह घोषणा किसी भी समय हो सकती है और इसके साथ ही गूगल की बादशाहत को भी चुनौती मिलने लगेगी। अभी गूगल का सर्च इंजन हर कंप्यूटर और हरेक स्मार्टफोन में मौजूद है, पर जब ओपनएआई का कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाला सर्च इंजन सक्रिय हो जाएगा, तो स्थितियां बदलेंगी। वैसे पर्प्लेक्सिटी नामक एक सर्च इंजन भी लगातार विकसित हो रहा है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस है, लेकिन ओपनएआई का सर्च इंजन विशेष होगा। यह गौर करने की बात है कि ओपनएआई ने बड़ी संख्या में गूगल के विशेषज्ञ प्रोग्रामरों को अपने यहां बहाल किया है, जिससे यह संभावना बढ़ी है कि ओपनएआई दुनिया के सामने कुछ बहुत खास पेश करने वाला है। माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अभी सबसे आगे है। चैटजीपीटी भी ओपनएआई का अब तक का सफलतम उत्पाद है। अब नए सर्च इंजन के आने से ओपनएआई के चैटजीपीटी की क्षमताओं में वृद्धि की उम्मीद है, जिससे यह वेब से वास्तविक समय में या तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकेगा और अपनी प्रतिक्रियाओं में अनेक उद्धरण शामिल कर सकेगा। यह अक्सर कहा जा रहा है कि चैटजीपीटी काफी मशीनी या एकरूपता वाले पाठ पेश कर रहा है, जबकि बाजार में ज्यादा विविधता वाले ऐसे पाठों की जरूरत है, जो मशीनी नहीं, बल्कि ज्यादा मानवीय लगें। एक ही तरह के बनावटी, घिसे-पिटे जवाबों या पाठों की शिकायतें बार-बार आ रही हैं। गूगल ही नहीं, बल्कि माइक्रोसॉफ्ट की भी कोशिश है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में त्रुटिहीन या कम त्रुटियों वाले उत्पाद पेश करे। हालांकि, ऐसा नहीं है कि पहली बार ओपनएआई का जुड़ाव किसी सर्च इंजन से होने जा रहा है। इसके पहले ओपनएआई ने माइक्रोसॉफ्ट के ही सर्च इंजन बिंज के साथ मिलकर काम किया है, जिसका लाभ चुनिंदा या प्रीमियम उपयोगकर्ताओं को ही मिला है। इंटरनेट की दुनिया में लोगों को नए सर्च इंजन का इंतजार तो है, पर ओपनएआई के ही एक शोधकर्ता द्वारा बनाए गए पर्प्लेक्सिटी की भी लोकप्रियता बढ़ी है और इस कंपनी का बाजार भाव एक अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है। बहरहाल, अभी जो एआई सक्षम सर्च इंजन उपलब्ध हैं, उनकी सेवाएं पाठ और छवि तक ही सीमित हैं, इसलिए बाजार में एक ऐसे सर्च इंजन की जरूरत है।

# क्या कहते हैं चार चरणों के चुनावी ट्रेंड

(अवधेश कुमार)

लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे होने के बाद कुल 543 में से 379 सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है। वहीं, 18 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान पूरा हो चुका है। हालांकि अभी पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में मतदान बाकी है। फिर भी अभी तक के मतदान के आधार पर कुछ संकेतों और संदेशों को समझने की कोशिश की जा सकती है। इस चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा मतदान प्रतिशत गिरने के ट्रेंड की हो रही है। चौथे चरण का अंतिम मतदान प्रतिशत आने में समय लगेगा, जबकि तीसरे चरण में 65.68त्न मतदान हुआ। 2019 में इस चरण में 68.4त्न मतदान हुआ था। पहले चरण में 66.14त्न और दूसरे में 66.71त्न मतदान हुआ था। 2019 लोकसभा चुनाव में पहले चरण में 69.43त्न और दूसरे में 69.64त्न मतदान हुआ था। इस तरह देखें तो पहले चरण में 3.3त्न, दूसरे में करीब 2.9त्न और तीसरे चरण में 2.72त्न की कमी आई है। कुल मिलाकर, 2019 की तुलना में करीब 3त्न मतदान राष्ट्रीय स्तर पर कम हुआ है।



## राज्यों में उतार चढ़ाव

सामान्यतया राष्ट्रीय स्तर पर तीन प्रतिशत मतदान कम होना कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, लेकिन राज्यों के अनुसार देखें तो इनमें काफी उतार-चढ़ाव है। मसलन- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश और केरल जैसे राज्यों में मतदान का प्रतिशत कम रहा। दूसरी ओर, पूर्वोत्तर के लोगों ने भारी मतदान किया। पश्चिम बंगाल का 73-74 प्रतिशत मतदान भी अच्छा कहा जाएगा, लेकिन यह पिछले चुनाव से काफी कम है। ऐसे में सबके दिमाग में यह सवाल है कि किसके मतदाता कम संख्या में निकले?

## महिला मतदाताओं का रुझान

पिछले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों में माना जा रहा था कि जहां भी भाजपा है वहां महिला वोटरों के ज्यादातर मत उसे ही मिलते हैं। इन चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या असम और पश्चिम बंगाल में 83त्न से अधिक रही, जो देश में सबसे ज्यादा है। बाकी जगहों पर महिलाओं का मतदान सामान्य रहा और पुरुषों की तुलना में ज्यादातर जगह कम।

## मंदिर का उत्साह कम हुआ

विपक्ष के दावों के बावजूद कहीं भी व्यापक स्तर पर जनता के अंदर नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से हर हाल में उखाड़ फेंकने का माहौल नहीं है। इसी तरह विपक्ष को केंद्र की सत्ता में स्थापित करना है, ऐसा सामूहिक भाव भी नहीं देखा गया। स्थानीय स्तर पर भाजपा के नेताओं-कार्यकर्ताओं और समर्थकों के एक समूह में कई कारणों से उदासीनता जरूर दिखी है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ बना हुआ स्वाभाविक अभूतपूर्व वातावरण भी कमजोर पड़ा है। बावजूद इसके, भाजपा के प्रतिबद्ध समर्थक एकमुश्त उसके विरुद्ध मतदान करेंगे, ऐसा मानने का ठोस आधार नहीं दिखता। बीजेपी विरोधी जितना प्रचार करें, चार चरणों के चुनाव में इस तरह की व्यापक प्रवृत्तियों की रिपोर्ट नहीं है। हां, अप्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर जाते हैं और इस चुनाव में गए हैं। हालांकि अभी तक की प्रवृत्तियों में ऐसा नहीं दिखा है कि दो लोकसभा चुनावों से बीजेपी के साथ खड़े मतदाताओं का बहुत बड़ा समूह उसे हराने की मानसिकता में चला गया।

## विपक्ष की कमजोरी

मगर अभी तक के चुनाव में विपक्ष ने उन मुद्दों को सबसे ऊपर लाने की कोशिश की है, जिनमें ज्यादातर सच नहीं है। उदाहरण के लिए, भाजपा ने 400 सीटों का नारा इसलिए दिया कि वह संविधान और आरक्षण को खत्म कर सके। या फिर यह कि नरेंद्र मोदी सत्ता में आ गए तो आगे चुनाव नहीं होगा। ये सब वही आरोप हैं जो संघ परिवार और भाजपा पर वर्षों से लगाए जाते रहे और गलत साबित हुए। इन 10 वर्षों के शासनकाल में भी ऐसा नहीं हुआ। जाहिर है, इस पर मतदाताओं का व्यापक समूह विश्वास नहीं कर सकता।

## अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दे

गौर करने वाली बात यह भी है कि पहले चरण के साथ विपक्ष ने अल्पसंख्यकों के नाम पर मुसलमान से जुड़े उन मुद्दों को उभारा, जिनके विरुद्ध प्रतिक्रिया में भाजपा की ताकत बढ़ती रही है। खुद प्रधानमंत्री और भाजपा की इसके विरुद्ध प्रतिक्रियाओं ने निश्चय ही मतदान को प्रभावित किया होगा।

**वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है।**

# वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान

(प्रह्लाद सबनानी)

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो।

आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया था तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे धीरे दूर कर लिया गया है एवं आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का



आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मक्खी गुलाब के फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाडय वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है।

भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टतः दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है।

वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

# 75 सीटों पर हो गया है दिलचस्प सीन

(नरेन्द्र नाथ)

आम चुनाव अब अपने सेकंड हाफ में पहुंच गया है। ऐसे में अब सियासत बस चुनाव प्रचार तक सीमित नहीं रह गई है। तमाम राजनीतिक दल 4 जून की संभावित सियासी तस्वीर को समझने और स्त्रद्गष्द्मस्त्रद्ग करने में जुट गए हैं। हालांकि पक्ष-विपक्ष, दोनों पूरे आत्मविश्वास से यही बताने में लगे हैं कि अभी तक हुई वोटिंग उनके पक्ष में जाती दिख रही है। लेकिन सियासत में कई अनकहे सवालों के बीच ही आने वाले कल के भी संकेत छुपे होते हैं। चार चरणों के चुनाव के बाद जिस एक बात पर सभी सहमत हैं, वह है कि वोटिंग ने सभी का गणित बिगाड़ दिया है। इसके चलते इस बार चुनाव में बूथ मैनेजमेंट सबसे अहम फैक्टर हो गया है। बिना लहर वाले सामान्य चुनाव में वोटिंग ट्रेंड बहुत ही नियमित है। यह भी तय है कि इसमें 2019 के मुकाबले कुछ गिरावट तो होगी ही। चार राउंड के बाद दल यह तय कर रहे हैं कि किसका वोटर कम निकला है। सभी दलों में समीक्षा करने का भी दौर तेज है। हर उस जगह से फीडबैक लिए जा रहे हैं। कई सीटों पर अपेक्षाकृत कम वोट पड़े हैं तो कुछ जगहों पर उम्मीद से अधिक।

**चुनाव क्षेत्र के अंदर के अलग-अलग ट्रेंडः** पूरा सीन तो 4 जून को नतीजे के आने के बाद ही साफ होगा, लेकिन सभी इस बारे में अपने-अपने हिसाब से अर्थ तो निकाल ही रहे हैं। वोटिंग ट्रेंड का नजदीकी आकलन कर रहे समीक्षकों के अनुसार, इस बार बहुत ही अलग बात सामने आ रही है। एक ही संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग विधानसभा से लेकर गांव-शहरी क्षेत्रों वाले इलाके में वोटिंग में बड़ा अंतर देखा जा रहा है। स्वाभाविक ही, इसका राजनीतिक संदेश बदल जा रहा है। कुछ इलाकों में बीजेपी ने माना कि उसके मजबूत इलाकों में अधिक वोटिंग हुई, तो कहीं इसका उलटा होने का भी दावा किया गया है। ऐसे ही दावे विपक्षी दलों की ओर से किए जा रहे हैं। जाहिर है वोटिंग ट्रेंड ने आम चुनाव की जंग कांटे की बना दी है।

जानकारों के अनुसार, नजदीकी मुकाबले में जो राजनीतिक दल अपने-अपने वोटरों को बूथ तक भेजने में सफल होगा, वह अधिक लाभ में रहेगा। खासकर ऐसे मुकाबले में, जहां पिछले दो चुनावों से जीत-हार का अंतर मामूली रहा है। 2019 के आम चुनाव में लगभग 75 ऐसी लोकसभा सीटें थीं, जहां टक्कर एकदम कांटे की थी। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर 20 हजार से भी कम वोटों का था। कम वोटिंग होने से ऐसी सीटों पर बहुत असर पड़ेगा और परिणाम किसी भी तरफ झुक सकता है। आमतौर पर अधिक वोटिंग होने से ऐसा संदेश जाता है कि यह परिवर्तन के लिए उमड़ी भीड़ है जबकि वोटिंग में उदासीनता बताती है कि वोटरों में इसके प्रति उत्साह नहीं, जिसे सत्ता पक्ष अपने लिए उम्मीद के रूप में देखता है।

# भंसाली की हीरामंडी में लाहौर के हिंदू गायब

**वेब सीरीज की कहानी अपनी जगह, लेकिन सवाल उठते हैं संजय लीला भंसाली के आजादी के पहले के लाहौर को पूरी तरह 'मुस्लिम लाहौर' दिखाने और इतिहास के साथ छोटे से खेल को लेकर। एक तो गलती भी है कि कैसे कहानी भारत छोड़ो आंदोलन के आसपास चल रही है, और आखिरी एपिसोड में अंग्रेज अधिकारी कहता है कि भारतीय फौजें भी अंग्रेजी फौजों के साथ मिलकर लड़ेंगी। जबकि तब दूसरा विश्व युद्ध समाप्ति की ओर था। दूसरे भंसाली ने तब के लाहौर को शायद आज का लाहौर समझ लिया, जहां हिंदू ना के बराबर हैं, केवल उर्दू के अखबार चलते**

आधुनिक लाहौर के निर्माता सर गंगाराम ने लाहौर की हर आधुनिक इमारत डिजाइन की थी, जैसे म्यूजियम, पोस्ट ऑफिस, नेशनल कॉलेज, केमिकल लेबोरेटरी, हॉस्पिटल आदि। लेकिन उसी वक्त के लाहौर को फिल्माते वक्त संजय लीला भंसाली ने अपनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' से हिंदुओं को मानो गायब ही कर दिया है। 'हीरा मंडीः द डायमंड बाजार' की कहानी है लाहौर में जिस्म के बाजार हीरा मंडी के एक कोठे की। इस कोठे की हुजूर हैं मल्लिका जान (मनीषा कोइराला)। मल्लिका जान और उसका आशिक नवाब जुल्फिकार (शेखर सुमन) मल्लिका की छोटी बहन (सोनाक्षी सिन्हा) के बेटे की हत्या कर आत्महत्या का रूप दे देते हैं और मल्लिका बहन की सम्पत्ति पर कब्जा कर बन जाती है हीरा मंडी की मल्लिका। वेब सीरीज की कहानी अपनी जगह, लेकिन सवाल उठते हैं संजय लीला भंसाली के आजादी के पहले के लाहौर को पूरी तरह 'मुस्लिम लाहौर' दिखाने और इतिहास के साथ छोटे से खेल को लेकर। एक तो गलती भी है कि कैसे कहानी भारत छोड़ो आंदोलन के आसपास चल रही है, और आखिरी एपिसोड में अंग्रेज अधिकारी कहता है कि भारतीय फौजें भी अंग्रेजी फौजों के साथ मिलकर लड़ेंगी। जबकि तब दूसरा विश्व युद्ध समाप्ति की ओर था। दूसरे



भंसाली ने तब के लाहौर को शायद आज का लाहौर समझ लिया, जहां हिंदू ना के बराबर हैं, केवल उर्दू के अखबार चलते हैं और नवाबों का राज चलता है। पूरी सीरीज में गिनती के हिंदू किरदार हैं। रिचा चड्ढा शायद इकलौती हिंदू नाम वाली तवायफ होती हैं। उसी तरह क्रांतिकारियों में केवल बलराज नाम का इकलौता हिंदू दिखता है जबकि कोठे के गाड़ीवान इकबाल और क्रांतिकारी गुरूदास को सिख दिखाया गया है। सच्चाई यह है कि जिस दौर के लिए सीरीज बनी है उसमें असहयोग आंदोलन के वक्त लाहौर में 38 प्रतिशत हिंदू सिख थे और भारत छोड़ो आंदोलन के वक्त 35 प्रतिशत। भंसाली को ये भी पता होना चाहिए कि बीसवीं सदी में अशफाकुल्लाह खान के अलावा कोई भी मुस्लिम क्रांतिकारी चर्चा में नहीं आया था, लड़की तो भूल ही जाइए। आसफ अली, मौलाना आजाद जैसे नेता कांग्रेस के थे। ज्यादातर मुस्लिम उन दिनों या तो जिन्ना के साथ अलग पाकिस्तान की लड़ाई लड़ रहे थे, या उससे पहले खिलाफत आंदोलन के लिए लड़ रहे थे। खास बात यह है कि आजादी के आंदोलन के दौरान चंद्रशेखर आजाद का छद्म नाम बलराज ही होता था। जिस मुस्लिम लड़की के अंग्रेज अफसर को सभा में भूनने की घटना दिखाई गयी है वो बंगाल की वीरांगना प्रीतिलता वाडेदार की कहानी से प्रेरित लगती है। पूरी सीरीज में कहीं भी गांधी, जिन्ना, नेहरू, लाला लाजपत राय तो छोड़िए भगत सिंह का नाम तक क्रांतिकारी नहीं लेते जबकि लाहौर में ही उन्हें फांसी दी गई थी। ये बात हजम नही होती। अगर भंसाली अपनी कहानी को पूरी तरह काल्पनिक रखना चाहते थे तो फिर आजादी की लड़ाई और लाहौर की हीरामंडी का नाम क्यों लिया गया? वैसे भी लाला लाजपत राय, भगत सिंह और आजाद की मौत के बाद लाहौर में कोई क्रांतिकारी घटना की जानकारी नहीं है। जानकारी मिलती है तो हिंदू मुस्लिम दंगों की जिसकी आग में अभिनेता प्राण का घर फूंक दिया गया था। उसके बाद गुस्से में वो कभी पाकिस्तान नहीं गए। इसी विषय पर बनी फिल्म करण जौहर की 'कलंक' जरुर ये दिखाती है कि तब लाहौर में चौधरी (संजय दत्त) का हीरा मंडी की एक तवायफ से बेटा जफर (वरुण धवन) होता है, जिसे वो नहीं अपनाते।

बाद में जब वो बदला लेना चाहता है तो उसका दोस्त अब्दुल शहर को हिंदू मुस्लिम दंगों की आग में झोंक देता है, जो लाहौर के हिंदू मुस्लिम दंगों की कहानियों से साम्य दिखाता भी है। लेकिन संजय लीला भंसाली द्वारा एक झटके में लाहौर के इतिहास से हिंदुओं को गायब सा करना, मुस्लिम लड़के लड़कियों को क्रांतिकारी बनाना, खिलाफत आंदोलन और मुस्लिम लीग के विभाजनकारी एजेंडे की चर्चा तक ना करना, लाहौर में एक भी रईस को हिंदू ना दिखाना आदि दिखाता है कि वेब सीरीज की आड़ में भंसाली कोई और ही सेकुलर एजंडा चला रहे हैं। हीरा मंडी को डायमंड बाजार क्यों लिखा गया, इसको लेकर भी मन में सवाल हैं क्योंकि हीरा मंडी की स्थापना को लेकर दो ही जानकारियां मिलती हैं। मुगलों ने इसे नाच गाने मनोरंजन के लिए बसाया या फिर महाराजा रणजीत सिंह के करीबी अधिकारी हीरा सिंह डोगरा ने अनाज मंडी के तौर पर। फिर वेब सीरीज के नाम में डायमंड बाजार क्यों? ये भी जान लें कि पाकिस्तान में इस इलाके को लेकर अब तक दो फिल्में बनी हैं। दोनों के ही नाम में हीरा मंडी नहीं है। एक का नाम है 'टक्साली गेट', जो करीब में ही है और दूसरी 'शाही मोहल्ला'। दोनों ही पाकिस्तानी मूवीज में तवायफों को अंग्रेजों से लड़ते नहीं दिखाया, जैसे कि भंसाली दिखा रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि बॉलीवुड की घिसी पिटी मुस्लिम तुष्टीकरण वाली नीति पर चलते हुए भंसाली ने उस समय के लाहौर को हिन्दू विहीन दिखा दिया जब लगभग 38-40 प्रतिशत हिन्दू सिख वहां रहते थे। भंसाली की वेब सीरिज वाली हीरामंडी में वहां आने वाले रईसों में एक भी हिंदू नहीं था जबकि कलंक मूवी में हिंदू रईस की ही कहानी थी।



# टनल इंजीनियर बनें, देश के साथ विदेशों में भी है अच्छी अपॉर्चुनिटी

**अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने जा रहे हैं। टनल इंजीनियरिंग का कोर्स कर आप महीने के लाखों रुपए कमा सकते हैं।**

दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वाले लोगों का टनल से तो वास्ता जरूर होता होगा। टनल ट्रांसपोटेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का हमेशा से एक अभिन्न अंग रहा है। इंजीनियर और एक्सपर्ट्स मिलकर टनल को तैयार करते हैं। सिविल इंजीनियरिंग का ही एक पार्ट टनल इंजीनियरिंग है। यह जियोटेक्निकल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग का एक कॉम्बिनेशन होता है। बता दें कि टनल इंजीनियर को चट्टानों व मिट्टी की काफी अच्छी समझ होती है। आपको बता दें कि आप टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को एक दिशा दे सकते हैं। अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि टनल इंजीनियर कैसे बनते रहैं, इसके लिए कौन सा कोर्स करना चाहिए और इसमें जॉब की क्या संभावनाएं होती हैं।

## योग्यता

यदि कोई युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहता है, तो उसको सबसे पहले सिविल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री प्राप्त करनी होगी। इसके बाद वह टनल कंस्ट्रक्शन में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। वहीं सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक या एमटेक करने के बाद आप टनल बोरिंग की तकनीकों में जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों के विश्वविद्यालय टनल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और सर्टिफिकेशन कोर्स ऑफर करते हैं। इसके अलावा बीटेक-एमटेक करने के बाद भी आप टनल इंजीनियर बनने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं।

## सैलरी

भारत देश में एक टनल इंजीनियर की एवरेज सैलरी करीब 1,73,615 रुपए के महीने के आसपास होती है। हांलाकि नॉलेज, स्किन और एक्सपीरियंस के हिसाब से ग्रोथ मिलती रहती है। ऐसे में युवा इस फील्ड में अपना शानदार करियर बना सकते हैं।





# ई-मेल मार्केटिंग का कोर्स कर कॅरियर को दें नई दिशा

**आज के समय में कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।**

वर्तमान समय में ईमेल के जरिए हर कंपनी मार्केटिंग अभियानों को कस्टमर तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। आपको बता दें कि ग्राहकों के लिए ई-मेल मार्केटर ऐसी कॉपी लिखते हैं। जो कस्टमर को कंपनी के साथ इंगेज कर सके। इसके लिए ईमेल मार्केटर हर ईमेलर के लिए स्ट्रैटली तैयार करते हैं। वह कंटेट से लेकर ग्राफिक्स तक तैयार करवाते हैं। इस काम के लिए कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं।

ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाकर घर बैठे काम सीख सकते हैं। इसके जरिए कंपनियां हफ्ते भर में होने वाली गतिविधियां न्यूजलेटर के जरिये ग्राहकों को हर हफ्ते भेजती रहती हैं। जिस कारण ईमेल मार्केटिंग आज एक बड़ी फील्ड के तौर पर उभरा है। ऐसे में अगर आप भी ईमेल मार्केटिंग करना जानते हैं, तो आप इस फील्ड में आसानी से लाखों का पैकेज उठा सकते हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए आप डिजिटल मार्केटिंग कोर्स कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं।

## क्या होती है ई-मेल मार्केटिंग

आपको बता दें कि यह एक कमर्शियल मैसेज की तरह होता है, जिसके इस्तेमाल से कंपनी सीधे तौर पर कस्टमर को टारगेट करती है। इसकी मदद से कंपनी कस्टमर को अपने उत्पाद के बारे में जानकारी देने के साथ उसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने का काम करती है। यही कारण है कि ई मेल मार्केटिंग का कन्वर्जन रेट बाकी मार्केटिंग तरीकों की तुलना में ज्यादा होता है। वहीं कुछ टूल्स और सॉफ्टवेयर की मदद से आप इस काम को घर बैठे भी कर सकते हैं। ई-मेल मार्केटिंग में आप एक साथ सैकड़ों लोगों को कंपनी का मेल भेज सकते हैं।

## ई-मेल मार्केटिंग का लक्ष्य

- अपने बिजनेस वेबसाइट को प्रमोट करना
- नए ऑफर्स की जानकारी कस्टमर्स को देना
- अपने उत्पादों को उपभोक्ता तक पहुंचाना
- अपने वेबसाइट का ट्रैफिक बढ़ाना

## कैसे करें ई-मेल मार्केटिंग

अगर आप भी इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो आपके पास ई-मेल अकाउंट होना चाहिए। वर्तमान समय में तमाम कंपनियां ई-मेल के जरिए अपने मार्केटिंग अभियान को चलाती हैं। इस फील्ड में जाने के लिए आपके पास ई-मेल लिस्ट, मार्केटिंग टूल्स सेटअप होने के साथ ई मेल टेम्प्लेट भी होना भी जरूरी है।

## ई-मेल मार्केटिंग कोर्स के लाभ

- ई-मेल मार्केटिंग के जरिए आप अपने बिजनेस या उत्पाद को प्रमोट कर सकते हैं।
- एक ही समय में आप कई लोगों को ई-मेल भेजने का काम कर सकते हैं।
- साथ ही आपके मेल को किसने देखा और किसने स्पैम किया, आप इसकी भी जानकारी ले सकते हैं।
- बता दें कि इसका कनवर्जन रेट काफी ज्यादा है।
- आप बेहद कम बजट के साथ यह मार्केटिंग कर सकते हैं।
- इसमें कस्टमर डायरेक्ट कंपनी से संवाद कर सकते हैं।

## सैलरी

आपको बता दें कि इस फील्ड में कॅरियर बनाने वाले युवाओं को सालाना 6 लाख रुपए तक का पैकेज मिलता है। वहीं एक्सपीरियंस बढ़ने के साथ ही सैलरी में इंक्रिमेन्ट होता रहता है।

## कोर्स की खासियत

- गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
- एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
- 100 फीसद प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
- 8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
- कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

## कॅरियर को मिलेगी नई दिशा

युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट, प्रोफेशनल और और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरुआत की गई है। बता दें कि डिजिटल मार्केटिंग के अलावा कई ऐसे कोर्स हैं, जिनको करके युवा अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकते हैं।






# कंटेंट मार्केटिंग के जरिए हर कंपनी बन रही बेस्ट युवाओं के लिए हैं कई अवसर

**कोई भी कंपनी अपने प्रोडक्ट का प्रचार करने के लिए कंटेंट का सहारा लेती है। कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है।**

अगर आप भी हर रोज अपने मोबाइल में तमाम विभिन्न कंपनियों द्वारा भेजे गए दर्जनों मैसेज, नोटिफिकेशन्स और व्हाट्सअप मैसेज और ईमेल्स को देखते होंगे। यह कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है। एक सर्वे के मुताबिक किसी भी कंपनी को तेजी से ग्रोथ पाने के लिए कंटेंट की जरूरत होती है। कंटेंट के जरिए ही बिजनेस लोगों के बीच पहचाना जाता है, जो धीरे-धीरे ब्रांड बन जाता है। यही कारण है कि साल 2026 तक कंटेंट मार्केटिंग का सेक्टर अपने वार्षिक रिवेन्यू को डबल करने जा रहा है। वहीं अगर साल 2022 के कंटेंट मार्केटिंग रिवेन्यू की बात की जाए, तो सिर्फ कंटेंट मार्केटिंग कंपनियों ने 66 बिलियन यूएस डॉलर गेन करने का काम किया है। ऐसे में अगर आप भी ग्रेजुएट हैं और अपने के लिए एक अच्छी नौकरी की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

## कंटेंट मार्केटिंग में स्कोप

- वर्तमान समय में कंटेंट ही किंग है।
- हर फील्ड की कंपनियां अपने कस्टमर से कनेक्ट करने के लिए कंटेंट का सहारा लिया जाता है।
- साल 2019 से 80% कंपनियां कंटेंट के जरिए मार्केटिंग कर रही हैं।
- साल 2021 में 97% कंपनियां कंटेंट के माध्यम से मार्केटिंग करना शुरूकर चुकी हैं।
- वहीं साल 40% मार्केटर्स ने साल 2022 में कंटेंट मार्केटिंग का बजट बढ़ाया है।
- जो युवा इस फील्ड में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उनको आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। एक्सपीरियंस के साथ ही सैलरी बढ़ती रहती है।
- बता दें कि कंटेंट मार्केटर की शुरूआती सैलरी 25,000 रुपए महीना होती है।

## कस्टमर को कैसे दें प्रोडक्ट की जानकारी

हर फील्ड में कंपनी या प्रोडक्ट के बारे में ग्राहकों को कई तरीके से जानकारी दी जाती है। आप वीडियो, जीआईएफ, ब्लॉग पोस्ट, इंफोग्रॉफिक, ईमेल न्यूजलेटर के जरिए कस्टमर को प्रोडक्ट की जानकारी दे सकते हैं। वहीं कस्टमर को जागरुक करने का सबसे प्रभावी तरीका प्रोडक्ट के बारे में तैयार किया गया ऑडियो विजुअल फॉर्मेट है। जोकि सबसे ज्यादा प्रचलन में है।

## डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम की खूबी

डिजिटल मार्केटिंग कोर्स बाकी संस्थानों की अपेक्षा कम कीमत में मिलता है। इस फील्ड में आपको 40 से अधिक टूल्स और मॉड्यूल्स के बारे में सिखाया जाता है। इसके अलावा आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट राइटिंग, गूगल एड, ई-मेल मार्केटिंग, फेसबुक एड, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ग्रॉफ़िक्स डिजाइन, एंटरप्रेंन्योरशिप स्किल भी सिखाई जाती हैं। इसमें कैंडिडेट को स्पोकन इंग्लिश की ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही कैंडिडेट को 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है।

## जॉब

- पे पर क्लिक एक्सपर्ट्स
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एफिलिएट मार्केटिंग
- गूगल एड एक्सपर्ट्स
- ई-मेल मार्केटिंग

# मेधावी छात्रों को कोलगेट दे रहा बंपर स्कॉलरशिप




**कोलगेट सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे।**

कोलगेट देश की सबसे बड़ी दंत मंजन कपनियों में से एक है। यह कंपनी सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इस प्रोग्राम का नाम कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम है। इस योजना के तहत मेधावी छात्रों को अपने सपने को पूरा करने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा मेधावी छात्रों को उचित मेंटरशिप भी प्रदान करता है।

आपको बता दें कि कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग फाउंडेशन के तहत उम्मीदवारों का चयन विभिन्न स्कॉलरशिप के लिए किया जाता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए 11वीं कक्षा से लेकर ग्रेजुएशन तक के छात्र आवेदन कर सकते हैं। हांलाकि अलग-अलग क्लास के लिए अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएं हैं।

## क्वालिफिकेशन

- इस स्कॉलरशिप का लाभ वर्तमान में बीडीएस पाठ्यक्रम के किसी भी वर्ष में नामांकित छात्र ले सकते हैं।
- छात्रों को न्यूनतम 60% अंकों के साथ कक्षा 12 की परीक्षा पास होना अनिवार्य है।
- आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट स्नातक बीडीएस संस्थान में नामांकित होना चाहिए।
- छात्र के परिवार की सालान वार्षिक आय 8 लाख से कम होनी चाहिए।
- यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है।

## डॉक्यूमेंट्स

- आवेदक का पासपोर्ट आकार का फोटो
- आय प्रमाण (फॉर्म 16ए/सरकारी प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र/बीपीएल प्रमाण पत्र/वेतन पर्ची, आदि)
- छात्रवृत्ति आवेदक का बैंक खाता विवरण (रद्द चेक/पासबुक कॉपी)
- प्रवेश का प्रमाण (कॉलेज आईडी कार्ड/बोनाफाइड प्रमाणपत्र, आदि)
- पिछली कक्षा की मार्कशीट या ग्रेड कार्ड
- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुल्क रसीद
- फोटो पहचान प्रमाण (आधार कार्ड)
- विकलांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

## स्कॉलरशिप का लाभ

इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत 11वीं के छात्रों को 2 साल तक 20,000 रुपए, ग्रेजुएशन व डिप्लोमा धारक छात्रों को तीन सालों तक 30,000 रुपए, अंडरग्रैजुएट/इंजिनियरिंग के स्टूडेंट्स को 4 सालों तक 30,000 रुपए, वोकेशनल कोर्स कर रहे छात्रों को 1 साल तक 20,000 रुपए और स्पोर्ट्सपर्सन को 3 सालों तक 75-75 हजार रुपये मिलेगा।



### अनुष्का और विराट ने

## वामिका और अकाय की प्राइवेसी रखने के लिए पापराजी को दिया धन्यवाद

बेटी वामिका और नवजात बेटे अकाय के गौरवान्वित माता-पिता अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने बच्चों की गोपनीयता की रक्षा के प्रति उनकी विचारशीलता के लिए पापराज़ी का आभार व्यक्त किया है। मीडिया को एक सुन्दर नोट भेजते हुए उसमें, जोड़े ने लिखा, हमारे बच्चों की गोपनीयता का सम्मान करने और हमेशा सहयोग करने के लिए धन्यवाद !

विरुष्का एक लो-प्रोफाइल जीवन जीते हैं ताकि वे और उनके बच्चे लगातार मीडिया की नजरों से बच सकें और एक सामान्य पारिवारिक जीवन जी सकें। वे इस तथ्य के बारे में बेहद विचारशील हैं कि उनकी गोपनीयता की रक्षा करने से उनके परिवार और वे अपने बच्चों की परवरिश पर अच्छा प्रभाव डाल सकते हैं।

### 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में

## वुमेन इन सिनेमा डिनर में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी कियारा आडवाणी

एक्ट्रेस कियारा आडवाणी मंगलवार से फ्रेंच रिवेरा में आयोजित होने वाले कान फिल्म फेस्टिवल के 77वें एडिशन में रेड सी फिल्म फाउंडेशन वीमेन इन सिनेमा गाला डिनर में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। वैनिटी फेयर द्वारा आयोजित यह समारोह दुनिया भर से 6 महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित करेगा।




कियारा ने 2014 में फगली से अपनी शुरुआत की, इसके बाद उन्हें अलग-अलग किरदार निभाते हुए देखा गया। जिसमें जुगजग जीयो में नैना से लेकर गिल्टी में ननकी और कबीर सिंह में प्रीति जैसे रोल शामिल हैं। इसके बाद कियारा ने शेरशाह और सत्यप्रेम की कथा जैसी फिल्मों में काम किया, जहां उन्होंने अपनी शानदार एक्टिंग से अपना लोहा मनवाया।

## सैफ अली खान ने Kareena का नाम हटवाकर बनवाया नया टैटू



बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान और करीना कपूर खान की गिनती इंडस्ट्री के पॉपुलर कपल्स में से एक हैं। दोनों अक्सर एक साथ नजर आते हैं और वह कपल गोल्स देते नजर आते हैं। शादी के इतने साल बाद भी दोनों रोमांटिक पोज देना नहीं भूलते। हाल ही में करीना-सैफ का एक वीडियो वायर हुआ था, जिसमें दोनों बिल्डिंग के बाहर लिपलॉक करते नजर आए। हालांकि इस वीडियो पर दोनों को काफी ट्रोल भी किया गया। इसी बीच सैफ अली खान का एक ऐसा वीडियो सामने आया है कि कपल की तलाक की बातें होने लगी हैं।

**सैफ अली खान के हाथ पर बदला टैटू**

दरअसल सैफ अली खान को हाल ही में एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। जहां से उनका एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक्टर के हाथ पर बने करीना के नाम वाले टैटू की जगह दूसरा टैटू नजर आ रहा है। जिसे देखने के बाद फैंस ने कमेंट करना शुरू कर दिया है कि सैफ अली खान और करीना का तलाक होने वाला है।

**यूजर्स की प्रतिक्रियाएं**

सैफ अली खान के वायरल वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि 'तीसरी बीवी की लाने की तैयारी में सैफ।' एक यूजर ने लिखा कि 'इन दोनों के बीच कुछ हुआ है क्या' एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'भाई तीसरी शादी करने वाला है क्या' एक यूजर ने लिखा कि 'भगवान करे इनके बीच सब ठीक हो जाए।' एक यूजर ने लिखा कि 'अभी टैटू बदला है अब घरवाली बदलेगा।' एक यूजर ने लिखा है कि 'कुछ दिनों रुको बीवी भी बदल जाएगा।' एक यूजर ने लिखा है कि 'सैफ हैट्रिक मारने की तैयारी में हैं।'

**करीना से की थी दूसरी शादी**

बता दें कि सैफ अली खान ने साल 2012 में करीना कपूर से शादी की थी। दोनों ने फिल्म टशन के दौरान एक दूसरे को डेट करना शुरू किया था। इस कपल के दो बेटे तैमूर अली खान और जेह अली खान हैं।

## बढ़ती उम्र को अपनाओ इसमें शर्मिंदगी कैसी

### निया शर्मा



टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा ने बढ़ती उम्र को अपनाने के बारे में बात की और साझा किया कि इसको लेकर शर्मिंदगी की कोई आवश्यकता नहीं है। निया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कैमरन डियाज और ड्रू बैरीमोर की एक पोस्ट शेयर की। एक्ट्रेस ने पोस्ट को कैप्शन के साथ साझा किया और लिखा, हम क्यों चौंक जाते हैं, जब मशहूर हस्तियां अपनी झुर्रियों वाली फोटो शेयर करती हैं।

आखिर बढ़ती उम्र को दिखाने में शर्मिंदगी कैसी निया ने बढ़ती उम्र को अपनाने के बारे में अपनी दो बातें साझा कीं, क्योंकि यह आप हैं। उन्होंने आगे कहा, फिलर्स ऑप्शन होना चाहिए, न कि आपके डेली प्रोटीन की तरह आवश्यकता...आप बहुत खूबसूरत हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, निया अपकमिंग सुपरनेचुरल शो सुहागन चुड़ैल में एक नेगेटिव किरदार निभाएंगी। कलाकारों में जैन इबाद खान, सचिन खुराना, सुभलक्ष्मी दास और अराधना शर्मा जैसे नाम भी शामिल हैं।




### इश्क विश्क रिबाउंड

## आ गई ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना के डेब्यू फिल्म की पहली झलक

ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन की डेब्यू फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड के चारों लीड एक्टर्स का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। साल 2003 में आई इश्क विश्क के इस सीक्वल फिल्म में कभी खुशी कभी गम वाले जिबरान खान, मिसमैच्ड वाले रोहित सराफ और मामला लीगल है वाली नाइला ग्रेवाल भी हैं। इश्क विश्क प्यार व्यार... फिल्मी पर्दे पर साल 2003 पहले शाहिद कपूर और अमृता राव ने इश्क विश्क फिल्म से डेब्यू किया था। कॉलेज लाइफ रोमांस पर बनी यह फिल्म हिट साबित हुई थी, जबकि इसके गाने सुपरहिट। अब 21 साल बाद प्यार का यह खुमार फिर से लौट रहा है। इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म के किरदारों का फर्स्ट लुक पोस्टर आ गया है। जाहिर तौर पर इसमें हर किसी की नजर ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन पर टिकी है। म्यूजिक डायरेक्टर राजेश रोशन की बेटी पश्मीना इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं। मेकर्स ने इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। निपुण अविनाश धर्माधिकारी के डायरेक्शन बनी इश्क विश्क रिबाउंड अगले महीने 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में पश्मीना रोशन के किरदार का नाम सान्या है। जबकि उनके साथ रोहित सराफ की जोड़ी है, जो राघव का किरदार निभा रहे हैं।

### ये शर्त मान ली तो मामला खत्म !

## काला हिरण केस में सलमान खान को माफ करने के लिए तैयार हुआ बिश्नोई समाज



सलमान खान के घर पर फायरिंग केस में रोज नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। मुंबई की पुलिस इस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। भाईजान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई ने खुली धमकी दी है कि अगली बार गोली घर पर नहीं चलेगी। इसके बाद सलमान खान की पूर्व प्रेमिका सोमी अली ने बिश्नोई समाज से माफी मांगी थी और अपील करते हुए सलमान को माफ करने को कहा था। इस मामले में बिश्नोई समाज ने उनकी माफी स्वीकार करने से इनकार कर दिया है।

मामला साल 1998 में सलमान खान के काले हिरण शिकार से जुड़ा है। इसे लेकर बिश्नोई समाज सलमान से नाराज है और ये ही कारण है कि लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से लगातार उन्हें धमकियां मिल रही हैं। सोमी अली ने सलमान की तरफ से बिश्नोई समाज से माफी मांगी थी जिसके बदले में उन्होंने कहा है कि वो नहीं सलमान खान माफी मांगे।

**क्या है शर्त**

अखिल भारतीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया ने कहा है कि सलमान खान अगर माफी मांग लें तो मामला खत्म हो सकता है। उन्होंने कहा है कि अगर सलमान ऐसा करते हैं तो समाज के लोग बैठकर इसपर कोई निर्णय ले सकते हैं।

बताया जा रहा है कि बिश्नोई समाज के 29 नियम हैं, जिनमें से 10वें नियम में माफी का प्रावधान है। इसके मुताबिक सलमान खान को हमेशा के लिए माफी मिल सकती है, अगर वह ऐसा करें तो।

आपको बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई इस वक्त पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के कत्ल के आरोप में जेल में बंद है। वहां से भी वह सलमान खान के बारे में कई बार बात कर चुका है। उसने कहा था कि सलमान अगर बिश्नोई समाज के मंदिर में जाकर माफी मांगें तो उन्हें माफ कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के कई दिनों बाद सोमी अली ने इस मामले में रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा, सलमान से ब्रेकअप के बाद मैं 24 साल की उम्र में अमेरिका आ गई। पूरी दुनिया जानती है और मैं इसे बार-बार दोहराना नहीं चाहती।

## खतरनाक बीमारी एंडोमेट्रियोसिस से जूझ रही शमिता शेट्टी, करानी पड़ी सर्जरी



बॉलीवुड एक्ट्रेस शमिता शेट्टी एंडोमेट्रियोसिस नामक गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। बीमारी का पता चलते के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया और उनकी सर्जरी भी की गई। शमिता ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें वह एंडोमेट्रियोसिस के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। आपको बता दें कि एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसा चिकित्सकीय विकार है, जिसमें यूट्रस के अंदर पाए जाने वाले टिश्यू एंडोमेट्रियोसिस टिश्यू की तरह ही बढ़ते हैं और ये टिश्यू गर्भाशय के बाहर बढ़ने लगते हैं। जिससे ज्यादा पीरियड होने के साथ-साथ फर्टिलिटी संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

बहन शिल्पा शेट्टी द्वारा कैप्चर किए गए वीडियो में शमिता अस्पताल के बिस्तर पर हैं और वह कहती हैं, क्या व्यू है वाह... क्या हुआ है। शमिता ने जवाब दिया, मुझे एंडोमेट्रियोसिस है, मुझे तो पता भी नहीं था कि यह क्या होता है। कृपया सभी महिलाएं गूगल पर एंडोमेट्रियोसिस के बारे में जरूर सर्च करें।

### ओवरएक्टिंग की दुकान

## ट्रोलर्स के निशाने पर आई अंकिता

अंकिता लोखंडे आए दिन किसी न किसी वजह से ट्रोलर्स के निशाने पर आ जाती हैं। एक बार फिर अंकिता ट्रोलर्स के निशाने पर आई हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखर यूजर्स उन्हें ओवरएक्टिंग की दुकान कह रहे हैं।



अभिनेत्री अंकिता लोखंडे अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। आए दिन उन्हें किसी न किसी कारण ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। एक बार फिर अभिनेत्री ट्रोलर्स के निशाने पर आई हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मुंबई में आई धूल भरी आंधी को देखकर हैरान होती हुई दिखाई दे रही हैं। वीडियो में उनके ऐसे हाव-भाव देखकर सोशल मीडिया पर यूजर्स उन्हें ओवरएक्टिंग की दुकान कह रहे हैं। अंकिता लोखंडे ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा की है। इसमें वह मुंबई में अपने अपार्टमेंट की बालकनी में दिखाई दे रही हैं। वीडियो में वह तूफानी बारिश और बाहर के दृश्य की ओर इशारा करती हुई नजर आ रही हैं। उनके वीडियो में मुंबई की धूल भरी आंधी साफ दिख रही है। वीडियो में अभिनेत्री कहती दिख रही हैं, ये क्या हो रहा है यार ये क्यों हो रहा है ऐसे ये क्या है क्या बकवास है. अभिनेत्री का वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो गया है। अंकिता के इस वीडियो पर फैंस अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

- साभार एजेंसी

## भिड़ू बोलने पर हो सकती है जेल

- बिना इजाजत नहीं कर पाएंगे भिड़ू शब्द का इस्तेमाल !
- जैकी श्रॉफ ने खटखटाया अदालत का दरवाजा



अभिनेता जैकी श्रॉफ के नाम, तस्वीरों और उनके व्यक्तित्व से जुड़ी चीजों का बिना इजाजत इस्तेमाल करना आपको कानूनी मुसीबत में डाल सकता है। अभिनेता ने इसके लिए हाईकोर्ट का रुख अपनाया है। अभिनेता जैकी श्रॉफ ने अपनी पहचान और प्रचार से जुड़े अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है। इसके लिए अभिनेता ने अदालत का रुख किया है। जैकी श्रॉफ ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। बिना अनुमति के कोई भी अभिनेता के नाम, फोटो, उनकी आवाज और यहां तक कि भिड़ू शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। ऐसा करने वाली विभिन्न संस्थाओं के खिलाफ जैकी श्रॉफ ने याचिका दायर की है।

**लेनी होगी इजाजत**

अभिनेता जैकी श्रॉफ ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। वहां उन्होंने याचिका दायर कर अपनी तस्वीरों, आवाज, नाम और भिड़ू शब्द पर सुरक्षा की मांग की है। ऐसे में अगर कोई जैकी श्रॉफ की नकल करना चाहेगा और ऐसा करते हुए भिड़ू बोलेगा तो उसे पहले बाकायदा इजाजत लेनी होगी।

**लोगों को गुमराह करने की संभावना**

इस याचिका के जरिए जैकी श्रॉफ ने कहा कि वे अपने नाम, तस्वीरों और आवाज और व्यक्तित्व से जुड़ी अन्य विशिष्ट चीजों पर संरक्षण चाहते हैं, जिससे कोई तीसरा पक्ष इनका अनधिकृत इस्तेमाल न कर सके।



# लॉर्ड्स में जेम्स एंडरसन के टेस्ट संन्यास के लिए यह सही समय है: रॉब की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रबंध निदेशक रॉब की का मानना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का अपने टेस्ट करियर को खत्म करने का फैसला देश के लिए सही समय पर आया है। पिछले हफ्ते एंडरसन ने घोषणा की थी कि वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में 10 जुलाई से शुरू होने वाला पहला टेस्ट देश के लिए उनका आखिरी रेड-बॉल मैच होगा। 41 वर्षीय तेज गेंदबाज के रूप में टेस्ट क्रिकेट में 187 मैचों में 700 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज की, मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के साथ चर्चा पैनल का हिस्सा थे, जिसके कारण तेज गेंदबाज को संन्यास लेना पड़ा। रॉब की ने टेस्ट मैच स्पेशल काउंटी क्रिकेट पॉडकास्ट को बताया, हमने कहा, हमें लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया है, हमें भविष्य की ओर देखना शुरू करना होगा। की ने कहा कि एंडरसन के साथ चर्चा डेढ़ घंटे तक चली और तेज गेंदबाज को उम्मीद नहीं थी कि इससे उनका लाल गेंद का भविष्य खत्म हो जाएगा। एंडरसन ने कहा कि जब हमने निर्णय लिया और सोचा कि हमें भविष्य पर चर्चा करने के लिए जिमी से मिलने की जरूरत है, तो ब्रेंडन ने निष्कर्ष निकाला कि इंग्लैंड के लिए उड़ान भरना सही काम होगा।

हमने लगभग डेढ़ घंटे तक बातचीत की, जिसका नेतृत्व बाज़ ने किया। मुझे नहीं लगता कि जिमी को इसकी उम्मीद थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह पूरी तरह से अप्रत्याशित था। हमें लगा कि जिमी और जनता के बीच अलविदा कहने का यह सही अवसर था । हमने उस पर यह प्रभाव नहीं डाला कि उसे वहीं निर्णय लेने की जरूरत है, बहुत समय पहले उसने तय नहीं किया था कि लॉर्ड्स का मैच उसका आखिरी मैच होगा। इंग्लैंड के दो दिग्गज तेज़ गेंदबाज़ों - एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की अनुपस्थिति में, की इसे युवाओं के लिए जगह बनाने का द्वार मानते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को नई गेंद से गेंदबाजी करना सीखने, टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर चाहिए।

अब समय आ गया है कि लोग इसे सीखना शुरू करें। वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप 2024 के समापन के बाद, इंग्लैंड तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा, जिसके मैच क्रमशः लॉर्ड्स, नॉटिंघम और बर्मिंघम में निर्धारित होंगे।





### सचिन तेंदुलकर ने यूं की तारीफ

# इरफान पठान की वाइफ सफा बेग के हाथ का खाना खाकर मास्टर हुए मस्त,

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटरों में इरफान पठान का नाम बेहद शानदार मेजबानों में शामिल है। वह और उनकी फैमिली अच्छे खाने के शौकीन है। अक्सर जब वह क्रिकेट टीम का हिस्सा थे तो महान सचिन तेंदुलकर सहित अपने साथियों को घर पर बुलाया करते थे। वह सचिन के लिए घर की स्पेशल बिरयानी लेकर भी आते थे। यह क्रम आज भी जारी है। पठान ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन को घर पर दावत के लिए इनवाइट किया। इरफान पठान ने तस्वीरें शेयर कीं तो सचिन खाने और सफा बेग की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक सके। इरफान पठान ने दावत की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- सचिन तेंदुलकर पाजी, कहानियां, हंसी और आपके आसपास रहने की खुशी ने कल रात को खास बना दिया! ऐसी कई और रातों का इंतजार है। तस्वीर में इरफान पठान के पिता के अलावा उनके और युसूफ पठान के बच्चे दिख रहे हैं, जबकि कुछ अन्य सदस्य भी हैं।

सचिन तेंदुलकर ने की इरफान पठान की वाइफ की तारीफ

इस पर महान क्रिकेटर ने रिप्लाई करते हुए लिखा- रोशनी के नीचे क्या रात है... इरफान! उन समयों में से एक जब कोई भी इसे स्टंप्स (खत्म करने) कहने को तैयार नहीं था। इसके बाद सचिन ने इरफान पठान की वाइफ सफा के हाथ के खाने की तारीफ में लिखा- सफा के लजीज व्यंजनों, आपके पिता की मनोरंजक कहानियां और आपके बच्चों की दौड़-भाग के बीच हम सभी ने बहुत अच्छा समय बिताया। हम जल्द ही कुछ समय बाद ऐसे समय को फिर जिएंगे...। उल्लेखनीय है कि सचिन तेंदुलकर और इरफान पठान टीम इंडिया में साथ खेले। फिलहाल इरफान पठान आईपीएल 2024 में स्टार के लिए कॉमेंट्री कर रहे हैं तो दूसरी ओर महान क्रिकेटर मुंबई इंडियंस के लिए मेंटॉर की भूमिका में हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस इस साल सबसे पहले प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली टीम रही।

### बॉक्सिंग

# भारत को मुक्केबाजी में बड़ा झटका, शिवा एलोरडा कप से बाहर



**अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी।** छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरुषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं, छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराया, 2-1 से सीरीज जीती, बाबर-रिजवान के बीच शतकीय साझेदारी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में आयरलैंड से पहला मैच गंवाने के बाद लगातार दोनों मैच जीतकर सीरीज को अपने नाम किया। पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मैच में आयरलैंड को 6 विकेट से हराकर टी-20 सीरीज 2-1 से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। वहीं 179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने 4 विकेट के नुकसान पर 181 रन बना कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं पहला टी-20 मैच आयरलैंड ने जीता था।

### आयरलैंड के लिए लोर्कन टकर ने बनाए सबसे ज्यादा रन

पाकिस्तान ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे पहला झटका 15 रन के स्कोर पर लगा। उसके ओपनर रॉस अडायर शाहीन अफरीदी की



गेंद पर बोल्ड हो गए। उसके बाद एंड्रयू बालबर्नी और कप्तान लोर्कन टकर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 49 गेंदों पर 85 रन की पार्टनरशिप हुई। बालबर्नी 26 गेंदों पर 35 रन बना कर आउट हो गए। वहीं टकर ने उसके बाद हैरी टेक्टर के साथ 17 गेंदों पर 32 रन की साझेदारी हुई। टकर ने 41 गेंदों पर 73 रन बनाए। जबकि टेक्टर 20 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। अब्बास अफरीदी ने 4 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं मोहम्मद अमिर और सईम अयूब को 1-1 विकेट मिले। शाहीन अफरीदी ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए।

### रिजवान और बाबर के बीच 139 रन की साझेदारी

179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। 16 रन पर उसको पहला झटका लगा। सईम अयूब 11 गेंदों पर 14 रन बना कर पवेलियन लौट गए। हालांकि, उसके बाद कप्तान बाबर आजम ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 74 गेंदों पर 139 रन की साझेदारी हुई। रिजवान ने 38 गेंदों पर 56 रन और बाबर आजम 42 गेंदों पर 75 रन बनाए। उसके बाद आजम खान ने 6 गेंदों पर नाबाद 18 रन बना कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम के बीच दूसरे विकेट के लिए 74 गेंदों पर 139 रन की साझेदारी हुई।

### सिंगल रैंकिंग में टॉप-25 में पहुंचने वालीं बनीं पहली महिला भारतीय

# मनिका बत्रा ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद कैरियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गई और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। व्यक्तिगत और टीम श्रेणियों में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था। यह पहली बार था जब कोई भारतीय महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में इतनी आगे बढ़ी। मनिका को इस प्रदर्शन के लिए 350 अंक मिले। उन्होंने कहा कि इससे जुलाई में होने वाले पेरिस ओलिंपिक से पहले उनका मनोबल बढ़ेगा।

उन्होंने कहा, 'ओलिंपिक खेलों से ठीक पहले कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करके शीर्ष 25 में पहुंचने से मेरी तैयारियों को बल मिलेगा। मैं पेरिस ओलिंपिक में इस प्रदर्शन को बरकरार रखना और रैंकिंग में लगातार ऊपर जाना चाहूंगी। सुधार एक सतत प्रक्रिया है और मैं इसे लेकर प्रतिबद्ध हूं।' इससे पहले मनिका ने इंस्टाग्राम पोस्ट में अपनी सफलता के लिए अपने कोच अमन बालगु और बेलारूस के



ट्रेनिंग जोड़ीदार किरिल बारबानोव को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'आपके आशीर्वाद और समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद।

विशेष रूप से निरंतर समर्थन के लिए मेरे कोच अमन बालगु, मेरे साथी किरिल बारबानोव और मेरे परिवार को। पेरिस 2024 की तरफ आगे और ऊपर बढ़ी।'

# भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी अरशद खान, गेंदबाजी में तेज रफ्तार और बल्ले से भी करता है प्रहार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीजन के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रनों से हराया। ये मैच भले ही लखनऊ सुपर जायंट्स नहीं जीत सकी। लेकिन उनकी टीम के युवा खिलाड़ी अरशद खान फैंस का दिल जीतने में कामयाब रहे। 27 साल के अरशद खान ने इस मैच में एक विस्फोटक पारी खेली, वहीं गेंदबाजी में भी अपना दमखम दिखाया। बता दें ये अरशद खान का दूसरा आईपीएल सीजन है, लेकिन उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले हैं। हालांकि दिल्ली के खिलाफ मिले मौके का वह पूरा फायदा उठाने में कामयाब रहे।

अरशद खान ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में पहले गेंदबाजी की और 4 ओवर में 45 रन देखकर एक विकेट अपने नाम किया। इसके बाद उन्हें 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने 33 गेंदों पर नाबाद 58 रन की पारी खेल दी। अरशद खान ने इस पारी में 3 चौके और 5 छक्के लगाए। खास बात ये है कि उन्होंने ये रन 175.75 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस मैच में वह अपनी टीम के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बल्लेबाज रहे। ये 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल इतिहास का छठा सबसे बड़ा स्कोर भी था।



### आईपीएल 2024

# जीत कर भी दिल्ली को राहत नहीं, हार के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए भी प्लेऑफ की राह बेहद मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुछ पेचिदा कैलकुलेशन के सहारे प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लिए मंगलवार को अपने अंतिम लीग मैच में उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने जीत की पहली शर्त पूरी की और अपने कुल अंक 14 तक पहुंचा दिया। हालांकि नेट रनरेट को सुधार पाने की उनकी मंशा पूरी नहीं हो सकी। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 208/4 का मजबूत टोटल खड़ा किया था और नेट रनरेट को निगेटिव से पॉजिटिव में लाने के लिए उसे लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को 79 से आगे नहीं जाने देना था, जो हो नहीं सका। निकोलस पूरन (61 रन) और अर्शद खान (58 रन) की बदौलत लखनऊ ने अपना टोटल 189/9 तक पहुंचा कर दिल्ली की प्लेऑफ की राह आसान नहीं होने दी। अब दिल्ली की प्लेऑफ की राह अन्य टीमों के परिणाम पर टिकेगा। हालांकि बड़ा नुकसान लखनऊ का हुआ जिसके पास अपने अंतिम दो मैच जीतकर 16 अंक तक पहुंचने का चांस था। लेकिन अब दिल्ली की ही तरह वह भी गणित के भारी हिसाब-किताब में उलझ गया।

### पोरेल-स्टब्स ने मचाया शोर

इससे पहले, दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टान स्टब्स ने खूब शोर मचाया। पोरेल ने शुरुआती ओवर्स में 58 रन (33 बॉल, 5 फोर, 4 सिक्स) की विस्फोटक पारी खेली, जबकि डेथ ओवर्स में हाईएस्ट स्ट्राइकरेट रखने वालों में शामिल स्टब्स ने आखिरी ओवरों में 57* रन (25 बॉल, 3 फोर, 4 सिक्स) की धुआंधार पारी खेलकर टीम के टोटल को 208/4 तक पहुंचाया। पोरेल ने जहां 21 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की वहीं स्टब्स ने 22 गेंद में यह काम किया।

### नो जेक, नो प्रॉब्लम

इस आईपीएल 100 प्लस गेंद खेलने वालों में हाईएस्ट स्ट्राइकरेट 237 जेक फ्रेजर मैकगर्क का था। टीम को चौके-छक्कों की बरसात के साथ उनसे एक और तूफानी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन जेक के खिलाफ इन स्विंग गेंदों की रणनीति के साथ उतरे अर्शद खान ने दूसरी ही गेंद पर चलता कर दिया। भारी गर्मी के बीच स्टेडियम में पहुचे दर्शक ठंडे पड़ चुके थे। दिल्ली के बैटर्स को भी इससे उबरने में कुछ गेंदों का वक्त लगा। वो इनिंग्स का तीसरा ओवर था, जिसने मैदान पर फिर गर्मी पैदा की। अभिषेक पोरेल ने अर्शद पर 21 रन बटोर डाले। दूसरे छोर से उन्हें शाई होप का साथ मिला और दोनों ने चौके-छक्कों की बारिश करते हुए पावरप्ले में टीम का टोटल एक विकेट पर 73 रन पर पहुंचा दिया।

# आईपीएल 2024 में बन गया नया महारिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का मौजूदा सीजन बल्लेबाजों के नाम रहा है। इस सीजन कई हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं। एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी इसी साल बना है। वहीं, अब छक्के जड़ने का महारिकॉर्ड भी टूट गया है।

आईपीएल 2024 में अभी तक इतने छक्के लग चुके हैं, जितने अभी तक किसी भी सीजन में देखने को नहीं मिले थे। चौंकाने वाली बात ये है कि इस सीजन में अभी भी 6 लीग मैच बाकी है और फिर प्लेऑफ के मैच खेले जाएंगे। ऐसे में ये आंकड़ा अभी और बढ़ने वाला है।

### आईपीएल 2024 में बना छक्कों का नया महारिकॉर्ड

सीजन के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमें आमने-सामने थीं। इस मैच में दोनों टीमों ने मिलकर 20 छक्के जड़े। इसी के साथ आईपीएल 2024 में अभी तक कुल 1125 छक्के लग चुके हैं, जो एक सीजन में लगाए गए सबसे ज्यादा छक्कों का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले आईपीएल 2023 में 1124 लग थे। लेकिन इस बार लीग स्टेज में ही ये आंकड़ा पार हो गया है।

वहीं, आईपीएल के 17 सीजन में ये सिर्फ तीसरा ही मौका है जब 1000 से ज्यादा छक्के लगे हैं।

**आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के**

1125 छक्के - 2024
1124 छक्के - 2023
1062 छक्के - 2022
872 छक्के - 2018
784 छक्के - 2019

संक्षिप्त समाचार

## मनोज जरांगे ने भरी हुंकार, मराठा आरक्षण आंदोलन फिर से करने का ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे ने फिर हुंकार भरी है। उन्होंने मंगलवार को चेतावनी दी कि 4 जून से अभियान एक बार फिर शुरू किया जाएगा। जरांगे ने आंदोलन फिर से शुरू करने के लिए ऐसा दिन चुना है जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में दाखिलों में आरक्षण की मराठा समुदाय की मांग को लेकर 8 जून को रैली भी आयोजित की जाएगी। जरांगे ने 17वीं सदी के शासक छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वह पिछले साल से मराठा आरक्षण आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं। जरांगे ने माल्यार्पण के बाद कहा, हम अपने बच्चों के लिए आरक्षण चाहते हैं। हमें आर्थिक रूप से कमजोर तबके के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है जिसका कोई उपयोग नहीं है। यह वर्तमान पुलिस भर्ती में साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि हम 4 जून को सुबह नौ बजे से अनिश्चितकालीन अनशन के साथ फिर से आंदोलन शुरू करेंगे। यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है कि सरकार इससे पहले ही उनकी मांगों का समाधान कर देगी। जरांगे ने कहा कि बीड जिले के नारायणगड में 8 जून की रैली के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है। लोकसभा चुनाव पर मराठा आरक्षण आंदोलन के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मेरा इससे लेना-देना नहीं है और न ही मैंने किसी के लिए प्रचार किया। मैंने बस इतना कहा कि लोगों को उन्हें हराना चाहिए जो हमारे विरुद्ध हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में पहले कभी इतनी रैलियां नहीं कीं। जरांगे ने कहा, 'अतीत में उन्होंने विभिन्न चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए प्रचार भी नहीं किया। लेकिन इस बार उन्होंने ऐसा किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रदेश भाजपा के चार-पांच नेताओं के मन में मराठाओं और अन्य समुदायों के प्रति नफरत है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और चंद्रकांत पाटिल मराठाओं से घृणा करते हैं। उन्होंने कहा कि फडणवीस को अपनी नफरत का परित्याग कर देना चाहिए क्योंकि हम कभी भाजपा के खिलाफ नहीं थे।

## अमेठी में गरजे सीएम योगी! कहा- उनका धन्यवाद जिन्होंने राम के विरोध के कारण सपा से विद्रोह किया

**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी में सपा और कांग्रेस के लोग नौजवानों के हाथ में तमंचा पकड़ाते थे, हमने टैबलेट दिया है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के मुबारकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। योगी ने कहा अमेठी में मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया था। आज आपकी सरकार मेडिकल कॉलेज का, जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन, जिला कोर्ट का निर्माण कर रही है। पेशेवर गुंडों और अपराधियों का इलाज भी यही सरकार कर रही है। यहां के लोग दो जून भूखे रह सकते हैं लेकिन राम को नहीं भूल सकते। यहां से राम का परिवार का रिश्ता है। आप जिनको पहले चुनते थे वे राम को नकारते थे। उनके खिलाफ टिप्पणी करते थे। हमारे ही वोट से चुनकर आतंकवाद को बढ़ावा देते थे, रामलला पर हमले करने के लिए प्रेरित करते थे। आज एक्सप्रेस वे,हाईवे, रेलवे, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम मोदी बनवा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि एके 203 दुनिया की सबसे अच्छी रायफल भारत बना रहा, वह अमेठी में बन रही है। देश के जवानों के हाथों में जब एके 203 होती है तो पाकिस्तान थर्रा जाता है। सपा और कांग्रेस के लोग कहते हैं उनके पास एटम बम है। एटम बम हमारे पास भी है और फ्रिज में रखने के लिए नहीं है। कांग्रेस सरकार में गरीब भूख से मरता था। मोदी सरकार में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। जो राम भक्तों पर गोली चलवाते थे, आतंकवादियों को समर्थन देते थे। आज वही राम विरोधी लोग मोदी का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, अरे अगर उसके पास एटम बम है तो हमारे पास भी तो एटम बम है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के दरियाबाद विधानसभा में जेठौती कुर्मियान में जनसभा में कही।मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में आए थे। उन्होंने कहा कि आपके वोट से सतीश शर्मा और लल्लू सिंह के विजयी होने से प्रदेश में योगी तथा केंद्र में मोदी की सरकार बनी। इसके बाद अयोध्या में 500 वर्षों का इतिहास बदलकर राम मंदिर का निर्माण हुआ जिसकी आज देश से विदेश तक चर्चा हो रही है।

# जो हाथ उठा उसे तोड़ देता; स्वाति मालीवाल के पूर्व पति तमतमाए, केजरीवाल पर भी बरस पड़े





**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास में हुई बदसलूकी के बाद उनके पूर्व पति नवीन जयहिंद बेहद गुस्से में दिख रहे हैं। नवीन ने कल दावा किया कि स्वाति की जान खतरे में है। बुधवार को उन्होंने आप के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल पर एफआईआर की मांग की है। उन्होंने स्वाति की तुलना झांसी की रानी से की और कहा कि जो हाथ उस पर उठा उसे मैं तोड़ देता।मालीवाल के पूर्व पति नवीन ने कहा, जिसे आप सीएम हाउस कहते हो, वह गटर हाउस है। यह बहुत ही खतरनाक घटना है। इसके लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी एफआईआर होनी चाहिए। क्योंकि यह घटना उनके घर में हुई है। जिसने भी यह की है उसकी औकात नहीं है, यह घटना करने की। स्वाति की जान को खतरा है। उसको डराया धमकाया गया है। नवीन जयहिंद ने आगे कहा, अभी भी स्वाति की आवाज दबाई जा रही है। यह सिर्फ मेरी पूर्व पत्नी का मामला नहीं है, यह लाखों महिलाओं का मामला है। पूर्व पत्नी का अगर मामला होता तो अब तक स्वाति पर जो हाथ उठे हैं, वे टूट चुके होते... और जिसने इसके लिए आदेश दिया, उसकी जुबान हम निकाल लिए होते। यह बहुत गहरा मामला है। इसपर कार्रवाई होनी चाहिए।

### स्वाति मालीवाल से नहीं हो रहा कॉन्टैक्ट: दिल्ली पुलिस

मालीवाल शिकायत दर्ज कराने के लिए सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन गई थीं, लेकिन कुछ कॉल आने के बाद वह एफआईआर कराए बिना ही चली गईं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह वापस आएंगी लेकिन मंगलवार देर रात तक भी वह नहीं आईं। उन्हें सार्वजनिक तौर पर भी नहीं देखा गया है। पुलिस ने मालीवाल की शिकायत को लंबित (पेंडिंग) के तौर पर मार्क किया है और फिलहाल कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस ने इस पर कानूनी राय मांगी है कि क्या वे डीडी (दैनिक डायरी) प्रविष्टि और पीसीआर कॉल के आधार पर मामले में आगे बढ़ सकते हैं। यह कई मामलों में अपनाया जाने वाला प्रोटोकॉल है।

इस बीच, पुलिस अधिकारियों ने मामले पर चर्चा के लिए मंगलवार शाम को एक बैठक की। पुलिस ने कहा कि उन्होंने मालीवाल से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस सीएम आवास के बाहर से सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा करने की प्रक्रिया में है। बिभव और स्वाति केजरीवाल के एनजीओ के दिनों से ही उनके साथ हैं। मालीवाल को इसी साल जनवरी में दिल्ली से राज्यसभा भेजा गया था। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, एक महिला के खिलाफ हिंसा के बाद तुरंत गिरफ्तारी की जानी चाहिए थी।

## सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात जवान ने सरकारी बंदूक से की आत्महत्या

**जलगांव, एजेंसी।** पिछली पीढ़ी के दिग्गज क्रिकेटर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात राजकीय रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) के एक जवान ने जामनेर शहर में अपने पुश्तैनी घर में आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतक जवान की पहचान प्रकाश कापड़े के रूप में हुई है। वह छुट्टी पर अपने पैतृक शहर गया था।

कापड़े (39) ने अपनी सरकारी बंदूक से गले में गोली मार ली। उसके परिवार में उसके बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी तथा दो नाबालिग बच्चे, एक भाई और अन्य सदस्य हैं। जामनेर थाने के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर किरण शिंदे ने कहा कि घटना बीती रात (बुधवार) 1.30 बजे की है। उसने क्यों आत्महत्या कि इसके बारे में अभी पता नहीं चल सका है।

शिंदे ने आईएएनएस को बताया, प्राथमिक जांच से लगता है कि उसने निजी कारणों से यह कदम उठाया है, लेकिन हम जांच के पूरे विवरण का इंतजार कर रहे हैं। कापड़े का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।



## सीमा हैदर पर नया ऑडियो जिसने मचा दी खलबली, पाकिस्तानी भाभी ने दी सफाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी भाभी उर्फ सीमा हैदर एक बार फिर चर्चा में है। वजह है सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो क्लिप। इस ऑडियो ने एक बार फिर सवाल उठा दिया है कि क्या सीमा हैदर एक पाकिस्तानी जासूस है, जो प्यार की झूठी कहानी के सहारे भारत में दाखिल हुई? वायरल ऑडियो क्लिप पर खुद सीमा हैदर ने सफाई दी तो उनके वकील एपी सिंह ने भी कहा है कि भारत सरकार एनआईए से जांच करवा ले। आइए हम आपको बताते हैं कि आखिर पूरा मामला है क्या। वायरल ऑडियो को लेकर दावा है कि इसमें सीमा हैदर के पाकिस्तानी दोस्त और गुलाम हैदर के भारतीय वकील मोमिन मलिक की बातचीत हो रही है। इसमें दावा किया गया है कि सीमा हैदर ने भारत में दाखिल होने से पहले पाकिस्तानी सेना कैंप में ट्रेनिंग ली है। वायरल ऑडियो में वकील मोमिन सीमा हैदर को लेकर कुछ सवाल करते हैं जिसके जवाब में पाकिस्तानी व्यक्ति कहता है, अपने चाचा गुलाम अकबर के पास जाती थी जो छावनी में है, फौज में। वह आर्मी ट्रेनिंग सेंटर में हैं। एक-एक हफ्ता वहां रहकर वापस आती थी। अकेली जाती थी। इसको जो ले जाता था वह रिक्शावाला गायब है। इससे (सीमा) पूछो कि वह कौन है। लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि, मोमिन मलिक ने कहा कि उनकी सीमा के पाकिस्तानी जानकार से बातचीत हुई है और उसने ही उन्हें फोन पर ये बातें बताईं। वायरल ऑडियो में गुलाम हैदर से बातचीत करने वाले वकील मोमिन मलिक ने सीमा हैदर को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। सीमा हैदर के परिचित ने जो बयान दिया है उसको देखकर हमें लगता है कि सीमा हैदर भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है। आने वाले समय में वह भारत की सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकती है। इसकी जमानत रद्द करके जेल में डालना चाहिए। नमस्ते जय श्री राम, सभी को राधे-राधे। कुछ लोग फेक न्यूज चला रहे हैं। मैं बता दूं कि हमारे सारे फोन नंबर और आईडी आज भी जांच में हैं। आगे भी जो जांच होगी उसके लिए मैं तैयार हूं। मेरी पूरी जांच की जाए यदि किसी को कोई शक है। मैं सुरक्षा एजेंसियों से मांग करती हूं कि भारत में रहकर जो कुछ लोग पाकिस्तानियों से दिन रात बात करते हैं उनकी भी जांच करे। गुलाम हैदर पांच साल से मेरे रिश्ते में नहीं है, मेरी कोई बातचीत नहीं है। मैं भारत की सुरक्षा एजेंसियों से कहूंगी कि गुलाम हैदर की जांच की जाए। हो सकता है कि वह आतंकवादियों से मिला हुआ हो और यहां के कुछ लोग उससे दिन रात बात करते हैं। मैं एनआई से गुजारिश करूंगी कि उनकी भी जांच की जाए। जो लोग यह कह रहे हैं कि सीमा कैंप में जाती थी, सीमा क्या है, पाकिस्तान में क्या होता था।

भारत सरकार, एटीएस, यूपी पुलिस सीमा की जांच कर रही है। गिरफ्तारी के बाद वह बेल पर है। उसकी फिर से जांच करे। एनआईए चाहे तो जांच करें।

### तेलंगाना में कांग्रेस 12-13 सीटें जीतेगी - सीएम रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के मतदान के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को विश?वास जताया कि उनकी कांग्रेस राज्य में 17 में से 12-13 सीटें जीतेगी। रेवंत रेड्डी राज्य के पार्टी प्रमुख भी हैं, उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए भरोसा जताया कि कांग्रेस उम्मीदवार डी. नागेंद्र सिकंदराबाद लोकसभा सीट 20,000 वोटों के बहुमत से जीतेंगे। रेवंत रेड्डी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही राजनीतिक गतिविधि समाप्त हो गई है और वह अब पूरी तरह से प्रशासन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसान कल्याण निगम की स्थापना करेगी, जो किसानों का कर्ज माफ करने के लिए कर्ज लेगी।प्रचार के दौरान किए गए वादे के मुताबिक 15 अगस्त तक 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋष्ा माफ कर देगी।उन्होंने बेमौसम बारिश के कारण नुकसान झेलने वाले किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार भीगे हुए धान की खरीद को प्राथमिकता देगी।

### 17 साल बाद सुलझी मर्डर मिस्ट्री, आरोपी ने बताया क्यों की थी महिला की हत्या?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कहते हैं कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं और अपराधी कहीं भी छुपा हो पुलिस कभी ना कभी उसे पकड़ ही लेती है, इसी बात को दिल्ली पुलिस ने एकबार फिर साबित कर दिखाया है। पुलिस ने हाल ही में 57 साल के एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो 17 साल पहले मर्डर करके फरार हो गया था। आरोपी को दिल्ली के रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम वीरेन्दर सिंह है जो कि बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला है। उसने साल 2007 में दिल्ली के अपने किराए के मकान में 22 साल की युवती की हत्या कर दी थी और उसकी बॉडी को संदूक में ताला लगाकर भाग गया था। इस बारे में जानकारी देते हुए डीसीपी (क्राइम) अमित गोयल ने कहा, युवती की हत्या करने के बाद आरोपी वीरेन्दर शहर से भाग गया था।

## बीजापुर एनकाउंटर पर सवाल, कांग्रेस ने जांच के लिए बनाई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी, मारे गए थे 12 नक्सली

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 10 मई को 12 संदिग्ध नक्सलियों के एनकाउंटर पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि घटना के दो दिन बाद ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुठभेड़ फर्जी थी। कांग्रेस ने इस मुठभेड़ की जांच के लिए एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन भी कर दिया है। इस टीम का नेतृत्व आदिवासी नेता और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम कर रहे हैं। मंगलवार को गठित की गई इस कमेटी में इंद्र शाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनक राम ध्रुव, सावित्री मंडावी, देवती कर्मा, रजनू नेताम और शंकर कुडियाम शामिल हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्र जारी कर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों से जल्द से जल्द विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने की अपील की है। बीते शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद कहा था कि उन्होंने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की सैन्य कंपनी नंबर 2 के दो सदस्यों, बुधु ओयम और कल्लू पुनेम समेत कुल 12 नक्सलियों को एक एनकाउंटर में मार गिराया है। बुधु ओयम और कल्लू पुनेम के सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम था।

मुठभेड़ में मारे गए अन्य संदिग्धों में नक्सलियों की गंगालूर एरिया कमेटी का सदस्य लाखे कुंजाम और सैन्य प्लाटून नंबर 12 का सदस्य भीमा कराम भी शामिल था। इनके सिर पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था। अन्य मृतकों में मिलिशिया प्लाटून कमांडर सन्नू लाकोम और जनता सरकार (पीपुल्स गवर्नमेंट) के उप-प्रमुख अवलम थे जिनके सिर पर 2 लाख रुपये का इनाम था।

एनकाउंटर के दो दिन बाद 12 मई को मृतकों के शवों के लिए स्थानीय ग्रामीण बीजापुर पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि मुठभेड़ फर्जी थी। इसमें क्षेत्र के निवासी सुरक्षा बलों की गोलीबारी का शिकार हुए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ ग्रामीण जंगल से तेंदू पत्ते तोड़ने गए थे। ये लोग भागने लगे तभी सुरक्षा बल उनकी ओर बढ़े और फायरिंग कर दी। कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने भी एनकाउंटर पर सवाल उठाए थे। उन्होंने सरकार से इसकी जांच कराने की मांग की।

कवासी लखमा ने कहा- मीडिया से पता चला है कि पीडिया में मारे गए 12 लोग आसपास के गांवों के तेंदू पत्ता संग्राहक थे। यही वजह है कि कांग्रेस मामले की जांच के लिए एक राज्य स्तरीय जांच टीम भेज रही है। यह सीजन तेंदू पत्ता जुटाने का है। आदिवासियों को नक्सली बताना पुलिस की पुरानी आदत है। आदिवासी क्षेत्र की पहचान हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो इलाके से आदिवासी खत्म हो जाएंगे।




## आपके पार्सल में ड्रग्स हैं, 47 मिनट तक पूर्व मेजर जनरल को किया डिजिटल अरेस्ट; साइबर ठगों ने ऐठें 37 लाख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में जालसाजों ने पार्सल में ड्रग्स और कई पासपोर्ट की बात कहकर सेवानिवृत्त मेजर जनरल से 37.68 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि करीब 47 मिनट तक पीड़ित को जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट करके रखा। साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल अमरजीत सिंह ने बताया कि रविवार को शाम साढ़े चार बजे के करीब उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि वह मुंबई से बोल रहा है और उनके नाम पर चार मई को एक कुरियर आया है, जिसमें 200 ग्राम ड्रग्स और पांच पासपोर्ट समेत अन्य सामान है। उसने पार्सल में तीन क्रेडिट कार्ड और कपड़े होने की भी बात कही। जालसाज ने कहा कि कुरियर भेजने के लिए पीड़ित की आधार आइडी का प्रयोग किया गया है। उसने आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर भी बताया। इसके बाद पीड़ित को विश्वास हो गया। पीड़ित ने कॉलर से कहा कि उनका इस कुरियर से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद उसने कॉल को साइबर क्राइम सेल में स्थानांतरित कर दिया। मामला ड्रग्स तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट का बताकर पीड़ित को भयभीत कर दिया गया। साइबर ठगों ने एक राजनेता के बारे में शिकायतकर्ता को बताया कि वह मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में हैं। उन्होंने एक फर्जी एफआईआर भी दिखाई। ठगों ने जांच करने के लिए उन्हें मुंबई बुलाया। जालसाजों के कहने पर पीड़ित ने दबाव में आकर दो बार में 37,68,510 रुपये की रकम ट्रांसफर कर दी। कॉल 37 मिनट 45 सेकेंड तक जारी रही। इस दौरान जालसाजों ने पीड़ित को कॉल छोड़कर बाहर नहीं जाने दिया। जालसाजों ने जब पीड़ित पर और पैसे भेजने का दबाव बनाया तो उसे ठगी की आशंका हुई। पैसे वापस मांगने पर जालसाजों ने पीड़ित से संपर्क तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातु,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)